नई दिल्ली
शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 190
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 18.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

# डीएसी ने दी 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी, बढ़ेगी सेनाओं की क्षमता

रक्षा मंत्री ने जारी की रक्षा खरीद नियमावली-2025, 1 नवंबर से लागू होगी

पाकिस्तान संग सीमाई तनाव के बीच...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से देश की पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनाव के बीच गुरुवार का दिन सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता में कई गुना इजाफा करने वाला साबित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना के जंगी बेड़े को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए कुल 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा तीनों सशस्त्र सेनाओं और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



## नौसेना के लिए खरीदे जाएंगे बंदूक, टॉरपीडो

डीएसी ने नौसेना के लिए जिन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। उनमें लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी), उन्नत हल्के भार वाले टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट गोला बारूद की खरीद के लिए एओएन दिया गया है। एलपीडी की खरीद नौसेना को बाकी दो अन्य सेनाओं के साथ जल-थलचर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सेना को मिलेगी नाग मिसाइल

*मंत्रालय ने बताया कि डीएसी द्वारा स्वीकृत किए गए सेना के सैन्य प्रस्तावों में नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 (एनएएमआईएस), ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस), मटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ ही उच्च गति वाले पहियों (एचएमवी) की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति यानी एओएन प्रदान की गई है। नाग मिसाइल की मदद से सेना की शत्रु के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ेगी। जीबीएमईएस दुश्मन के उत्सर्जकों की चौबीसों घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी प्रदान करेगा। जबकि एचएमवी के शामिल होने से विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सेनाओं की रसद सहायता में सराहनीय सुधार होगा।*

## यूं बढ़ेगी वायुसेना की ताकत

*मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने बैठक में वायुसेना के लिए सहयोगी लंबी दूरी लक्ष्य पर निशाना साधने, विनाश प्रणाली (सीएलआरटीएस/ डीएस) और बाकी प्रस्तावों के लिए एओएन दिया गया है। इस विनाश प्रणाली में मिशन क्षेत्र में स्वचालित टेक-ऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, पता लगाने और पेलोड पहुंचाने की क्षमता से लैस है।*

## रक्षा खरीद नियमावली का लाभ

*बैठक के अलावा राजनाथ सिंह ने जिस रक्षा खरीद नियमावली (डीपीपी) को मंजूरी प्रदान की है। वो 1 नवंबर से लागू हो जाएगी और इसकी मदद से मंत्रालय का अनुमान है कि तीनों सेनाओं व अन्य सैन्य प्रतिष्ठानों की राजस्व खरीद करीब 1 लाख करोड़ रुपए तक जा पहुंचेगी। रक्षा मंत्री ने नियमावली को लेकर उम्मीद जताते हुए कहा कि यह रक्षा खरीद प्रक्रिया को सरलीकृत करेगी, कार्यप्रणाली में एकरूपता लाएगी और सेनाओं की रणनीतिक तैयारियों से जुड़ी हुई आवश्यकता की पूर्ति के लिए सामान, सेवाओं की पूर्ति करेगी। साथ ही इससे रक्षा मैन्युफैक्चरिंग और तकनीक के क्षेत्र से जुड़े हुए सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप के बीच खरीद में स्वतंत्रता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। 1 नवंबर के बाद आरएफपी के लिए भेजे जाने वाले सभी प्रस्तावों पर इस नई नियमावली के तहत विचार किया जाएगा। जबकि पूर्व में जारी की गई आरएफआई या 31 अक्टूबर तक के मामलों पर डीपीपी-2009 के तहत विचार किया जाएगा। जिन मामलों में आरएफआई जारी होने के बाद बदलावों की कवायद के तहत 1 नवंबर के बाद उन्हें जारी किए जाने की स्थिति में नई नियमावली ही लागू होगी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रेमानंद महाराज ने फिर शुरू की यात्रा




**वृंदावन।** प्रेमानंद महाराज ने खराब सेहत की वजह से रोजाना होने वाला पदयात्रा कार्यक्रम रोक दिया था। अब उनकी सेहत ठीक है और उन्होंने गुरुवार से पदयात्रा फिर से शुरू कर दी है। उनके सहयोगियों की ओर से अपील की गई है कि पदयात्रा के दौरान न तो उन पर फूल फेंकें और न ही सुरक्षा घेरा तोड़कर पास आने की कोशिश करें।

### अगले सीजेआई की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई के बाद देश का अगला चीफ जस्टिस कौन होगा, इसकी प्रक्रिया केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है। सीजेआई गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले तक नए सीजेआई के नाम का चयन हो जाना है। जस्टिस सूर्यकांत अगले सीजेआई के रेस में हैं और उनका बनना लगभग तय है।

### बैंक अकाउंट में अब 4 नॉमिनी की सुविधा



**नई दिल्ली।** बैंक कस्टमर अब अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ पाएंगे और ये भी तय कर पाएंगे कि किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे पहले प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के हिसाब से खाते में एक-एक करके या चारों नाम एक ही साथ जोड़ पाएंगे। सरकार ने बैंकिंग सिस्टम में क्लेम के एक समान और आसान निपटारे के लिए व्यवस्था की है।

### टैरिफ संकट के बीच नहीं होगी मोदी-ट्रंप की मुलाकात...

# आसियान शिखर सम्मेलन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी नहीं, जयशंकर जाएंगे मलेशिया

- गुरुवार को विदेश मंत्रालय के बयान और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर हुई प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत से मिली यह जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच अगले सप्ताह 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में आयोजित किए जाने वाले '22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात नहीं होगी। क्योंकि इस बार इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी नहीं बल्कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। रविवार (26 अक्टूबर) को पीएम वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान और पीएम की मलेशियाई प्रधानमंत्री के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर की गई एक्स पोस्ट से मिली है। जिसमें पीएम ने बताया कि '23 अक्टूबर को मेरे प्रिय मित्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

रविवार को वर्चुअल माध्यम से होगी पीएम की सम्मेलन में भागीदारी

26 से 28 अक्टूबर तक क्वालालंपुर में होगा यह सम्मेलन



## दीवाली की वजह से नहीं आएंगे मोदीः इब्राहिम

मलेशिया के प्रधानमंत्री ने भी पीएम मोदी से हुई बातचीत को लेकर एक्स पर पोस्ट साझा की। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने फोन पर हुई बातचीत में मुझे बताया कि दीवाली के त्योहार की वजह से वह आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे। हम दोनों ने मलेशिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाते हुए उन्हें सामरिक-व्यापक स्तर तक ले जाने के प्रयासों पर चर्चा की। भारत, मलेशिया के लिए व्यापार और निवेश के क्षेत्र से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देशों का तकनीक, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी निकट सहयोग बना हुआ है।

### ईस्ट एशिया समिट में भाग लेंगे विदेश मंत्री

विदेश मंत्रालय ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रधानमंत्री और आसियान देशों के तमाम शीर्ष नेता संयुक्त रूप से आसियान-भारत संबंधों की समीक्षा करेंगे और व्यापक सामरिक भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श करेंगे। आसियान के साथ संबंधों को मजबूती प्रदान करना भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और हिंद-प्रशांत विजन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। विदेश मंत्री जयशंकर 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री की जगह पर क्वालालंपुर में 20वें ईस्ट एशिया समिट में भाग लेंगे। यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के मार्ग में आने वाली चुनौतियों के मसले पर मंथन करने का अवसर प्रदान करेगा। क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी इस आयोजन के दौरान चर्चा की जाएगी।

### 1992 में आसियान से जुड़ा भारत

*आसियान-भारत के बीच संबंधों की स्थापना करीब तीन दशक से भी पहले क्षेत्रीय भागीदारी के तहत वर्ष 1992 में हुई थी। 1995 आते-आते दोनों पक्षों के संबंध पूर्ण संवाद भागीदार में तब्दील हो गए। जबकि 2002 में सम्मेलन स्तर की भागीदारी का आगाज हुआ। भारत-आसियान संबंध 2012 में सामरिक भागीदारी में तब्दील हुए। आसियान दस सदस्यों वाला एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का एक समूह है। जिसमें इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया शामिल हैं। भारत और आसियान के संबंधों में बीते कुछ वर्षों में सराहनीय रूप से वृद्धि देखने को मिली है। व्यापार, निवेश के साथ-साथ सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना भी संबंधों का ही हिस्सा है।*

### पहले मोदी-ट्रंप मुलाकात के लगे खूब कयास

*मलेशिया ने अमेरिका के राष्ट्रपति के अलावा दुनिया के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आसियान सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। जो इस अहम मंच में बतौर संवाद भागीदार की हिस्सेदारी रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप सम्मेलन में भाग लेने के लिए 26 अक्टूबर को मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। गौरतलब है कि रूस से चल रही भारत की कच्चे तेल की लगातार खरीद को लेकर नाराज अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद इस बात की पुख्ता संभावना जताई जा रही थी कि भारत और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की मलेशिया में पहली आमने-सामने की मुद्रा वाली मुलाकात होगी। खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को की गई अपनी फोन कॉल में इसके संकेत भी दिए थे। प्रधानमंत्री ने भी अपनी एक्स पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर हुए संवाद की पुष्टि की थी। दोनों की बातचीत में हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों-साझेदारी (द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुद्दे सहित) को और अधिक मजबूत बनाने, क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई थी।*

### ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया को चला गया यह संदेश...

## किसी भी चुनौती का जवाब देने के लिए हरदम तैयार है भारतः राजनाथ सिंह

- राजधानी में आयोजित नौसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सबसे पहले 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में की गई सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और कहा कि इसके जरिए समूची दुनिया को यह संदेश चला गया है कि भारत किसी भी चुनौती से कभी भी दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार है।

10 मई को संघर्षविराम से पहले तक वो भारतीय नौसेना ही थी। जिसकी रक्षात्मक और आक्रामक मुद्रा ने पाकिस्तान को उसके समुद्री तटों तक ही सीमित रहने के लिए मजबूर कर दिया। इसके अलावा अभियान के दौरान विश्व ने बल की तैयारी, पेशेवराना क्षमता और ताकत का सीधा साक्षात्कार किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी साझा की है। यहां बता दें कि नौसेना के द्विवार्षिक कमांडर सम्मेलन का यह दूसरा भाग है। जो तीन दिवसीय है और इसकी शुरुआत बीते बुधवार को हो गई थी। इस महत्वपूर्ण आयोजन में नौसेनाप्रमुख ▶▶ शेष पेज 5 पर

### युद्धपोतों के दम पर नहीं जीत सकते लड़ाई

*रक्षा मंत्री ने कहा कि कोई भी देश केवल उपकरणों और युद्धपोतों के दम पर युद्ध नहीं जीत सकता है। तकनीक से ही जंग में बढ़त मिलती है। लेकिन रणनीतिक रूपरेखा में भौगोलिक स्थिति, कपट, समय और मानव विचार का भी योगदान होता है। इन सबके बीच हालांकि जंगी बेड़े का आकार और आधुनिकीकरण दोनों आवश्यक हैं। लेकिन रणनीतिक रूप से प्रयोग किए जाने वाले प्लेटफार्म भी समान रूप से अपना महत्व रखते हैं। योजना बनाने में चुस्ती-फुर्ती और अनुकूलनशीलता बेहद जरूरी है। तेजी से बदलती दुनिया में उन्होंने नौसेना से उन्नत रणनीति बनाने और विचार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।*

### सीपीपी पर ध्यान देना पड़ेगा

*हमें क्षमता, लोग और भागीदारी जैसे तीन क्षेत्रों में एकजुटता से काम करना चाहिए। क्षमता का अर्थ तकनीक और ताकत है। लोगों का संबंध नाविकों और उनके परिवारों से है और भागीदारी उद्योग, अकादमिक और वैश्विक सहयोग से सरोकार रखती है। जब ये तीनों एकजुट हो जाएंगे। हमारी नौसेना और अधिक भरोसेमंद और शक्तिशाली समुद्री सेना के रूप में तब्दील हो जाएगी। नौसेना रक्षा उत्पादन के साथ ही राष्ट्र निर्माण से जुड़ी हुई है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रविष्टियां 5 नवंबर तक खुली

## हरित हाइड्रोजन मिशन का लोगो डिजाइन करने वाले विजेता को एक लाख मिलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन मिशन का लोगो डिजाइन करने के लिए आमंत्रण मांगे हैं, विजेता को एक लाख रुपए मिलेंगे। एनजीएचएम के मिशन निदेशक द्वारा मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। दस उपविजेताओं को 5000/- रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विजेता को विजेता को एक लाख रुपए की ईनामी राशि के साथ ही नई दिल्ली आने-जाने के लिए इकोनॉमी क्लास के घरेलू हवाई किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इच्छुक लोग 5 नवंबर तक प्रविष्टियां भेज सकते हैं। प्रतिभागी पंजीकरण और अपनी प्रविष्टियां जमा करने के लिए सीधे https://www.mygov.in/task/logo-design-contest-national-green-hydrogen-mission/ पर लॉग इन कर सकते हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत राष्ट्रीय हरित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई परियोजना की प्रगति समीक्षा बैठक

## ढोसी पहाड़ी पर शीघ्र आरंभ होगा रोपवे का कार्य, महेंद्रगढ़ बनेगा वैश्विक पर्यटन केंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेन्द्रगढ़ जिले की प्रसिद्ध ढोसी पहाड़ी पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना सहित प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज यहाँ ढोसी हिल रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। बैठक में अधिकारियों ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूपीआई ने बनाया रिकॉर्डः एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही

## अब तक की 'सबसे बड़ी धनतेरस' 1.02 लाख करोड़ रु. का लेन-देन

- इस साल खुदरा विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बड़ी खबर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से 18 अक्टूबर यानी धनतेरस के दिन 1.02 लाख करोड़ रुपए के लेन-देन हुए हैं और इस दौरान लेन-देन की संख्या 75.4 करोड़ रही है, जो कि एक दिन में लेन-देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि धनतेरस से दीपावली के तीन दिनों के दौरान यूपीआई पर औसत लेनदेन की संख्या 73.69 करोड़ रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 64.74 करोड़ थी। उन्होंने आगे कहा कि इस साल खुदरा विक्रेताओं के लिए दीपावली धमाकेदार रही है और जीएसटी दरों में कटौती से खपत में बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्यम वर्ग को इस त्योहारी सीजन में अपने बजट में ही अधिक शॉपिंग करने का मौका मिला है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि लैब में तैयार हीरों से लेकर कैजुअल वियर और घरों को सजाने वाले उत्पादों तक, बाजार के बड़े और प्रीमियम दोनों सेगमेंट में तेजी आई। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केदारनाथ मंदिर के कपाट हुए बंद

## अब अगले 6 महीने तक उखीमठ में ही होगी पूजा

सर्दियों में चारों धाम बदलते हैं अपने स्थान

एजेंसी ▶▶ रूद्रप्रयाग

चारधाम तीर्थों में से एक बाबा केदारनाथ के कपाट भाई दूज के दिन गुरुवार को बंद कर दिए गए। अब 6 महीने तक बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देंगे।

सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। हजारों श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान पूरी केदारघाटी हर हर महादेव और जय



बाबा केदार के जयघोष से गूंज उठी। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी धाम पहुंचे। अब छह माह तक बाबा केदार की पूजा शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी। शीतकाल में बाबा केदार के द्वार बर्फबारी की वजह से बंद हो जाते हैं क्योंकि वहां इतनी बर्फबारी पड़ती है कि मंदिर तक पहुंच जाना और आध्यात्मिक गतिविधियों को कर पाना मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में सिर्फ बाबा केदार ही अपना स्थल नहीं बदलते, बल्कि गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ भगवान भी अपना स्थल बदलते हैं। गंगोत्री धाम को मुखवा में रखा जाता है, यमुनोत्री धाम को खरसाली में स्थापित किया जाता है, जबकि बाबा बद्रीनाथ को पांडुकेश्वर और ज्योर्तिमठ में स्थापित किया जाता है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा

केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन किया

## ऑनलाइन कंटेंट पर 'नियंत्रण' के लिए 15 नवंबर से लागू होगी नई गाइडलाइन

- इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलाव
- आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह



संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। अधिसूचना के अनुसार आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया है। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है। नई गाइडलाइंस के तहत, प्लेटफॉर्म पर गैरकानूनी कंटेंट मिलने पर इंटरमीडियरी को इसे 36 घंटे में हटाना होगा। अब किसी भी इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म (जैसे सोशल मीडिया, वेबसाइट, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर आदि) पर यदि ऐसी कोई जानकारी, फोटो, वीडियो या कंटेंट मौजूद है जो किसी भी कानून के तहत निषिद्ध है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक अगर किसी इंटरमीडियरी को ऐसी वास्तविक जानकारी मिलती है कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई गैरकानूनी या प्रतिबंधित कंटेंट है, तो उसे 36 घंटे के भीतर उसे हटाना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कार्रवाई में कानूनी आधार व अधिनियम भी बताया जाएगा

*किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है। यह समीक्षा संबंधित विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आदेश आवश्यक, संतुलित और कानून की भावना के अनुरूप हैं। किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है।*

### बिहार में जबरन वसूली और हत्या के कई मामलों में थे संलिप्त

# रोहिणी में पुलिस मुठभेड़ में बिहार के चार वांछित अपराधी मारे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी इलाके में दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में चार वांछित अपराधी मारे गए। अपराधी बिहार में जबरन वसूली और हत्या के कई मामलों में संलिप्त थे। इनका संबंध बिहार के सिग्मा गिरोह से बताया गया है। बदमाशों के पास से चार सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल व एक देशी कट्टा बरामद हुआ है।



क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के नाम सीतामढ़ी जिले के निवासी रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) के रूप में हुई है, जो 'सिग्मा गिरोह' के सदस्य थे। सभी बदमाशों की गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित था और वह आठ अलग-अलग आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस ने रंजन को एक खूंखार अपराधी बताते हुए कहा कि पिछले तीन महीने में वह जबरन वसूली व हत्या के चार से पांच मामलों में लिप्त रहा था। हाल में 13 अक्टूबर के मामले में उसने एक व्यक्ति से रंगदारी मांगी थी और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। अगले माह होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए छह अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उसने यह धमकी दी थी। गिरोह के बाकी सदस्यों पर भी जबरन वसूली और हत्या के कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर बुधवार देर रात दो बजकर 20 मिनट पर यह मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ हाल के वर्षों में दिल्ली में हुई सबसे बड़ी मुठभेड़ों में से एक है। बदमाशों की तरफ से लगभग 25 से 30 राउंड गोलियां चलाई गई, जबकि पुलिस ने 15 से 20 गोलियां चलाई। बदमाश कई दिन से दिल्ली में छिपे हुए थे और विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में बड़ी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने कहा कि आरोपी एक कार में सवार थे जिसके बाद उन्हें रोका गया था। कार पर लगी नंबर प्लेट नकली प्रतीत हो रही थी। बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें चारों आरोपी घायल हो गए। घायल अपराधियों को रोहिणी के डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि बिहार पुलिस से सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस पिछले तीन दिन से इनकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

## सोशल मीडिया पर अपनी वारदातों का प्रचार करते थे मुठभेड़ में मारे गए 'सिग्मा एंड कंपनी' गिरोह के सदस्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बुधवार रात यहां पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए स्वयंभू 'सिग्मा एंड कंपनी' गिरोह के चार सदस्यों ने न केवल सोशल मीडिया पर अपनी हत्या की वारदातों का प्रचार किया था, बल्कि स्थानीय पत्रकारों को पर्चे भी वितरित किए थे, जिसमें वे अपने कार्यों को उचित ठहराते थे और लोगों को 'मृत्युदंड' देने का दावा करते थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान गिरोह के सरगना रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश सहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) के रूप में हुई है, जिन्हें बुधवार-बृहस्पतिवार की रात रोहिणी में दिल्ली पुलिस अपराध शाखा और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रंजन पर बिहार पुलिस ने 50,000 रुपये का नकद इनाम घोषित किया था और उसे 'खूंखार अपराधी' बताया गया था। पिछले तीन महीनों में कम से कम पांच आपराधिक मामलों से उसके तार जुड़े थे, जिनमें 26 सितंबर को बिहार के सीतामढ़ी जिले में ब्रह्मर्षि सेना के पूर्व जिला प्रमुख राम मनोहर शर्मा उर्फ गणेश शर्मा (40) की सनसनीखेज हत्या भी शामिल है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शर्मा की हत्या के बाद, गिरोह ने सोशल मीडिया पर एक 'नोट' जारी किया और उसे स्थानीय पत्रकारों के बीच प्रसारित किया। बड़े अक्षरों में लिखे इस नोट पर शीर्षक में सिग्मा एंड कंपनी का नाम 'न्याय, सेवा, सहयोग' की टैगलाइन के साथ लिखा था। गिरोह ने इसमें शर्मा के आठ कथित 'अपराध' लिख रखे थे, जिनमें उन्हें "विश्वासघाती, गद्दार, तानाशाह, बेईमान तस्कर, चरित्रहीन, महापापी और दबंग" करार दिया गया था। गिरोह ने दावा किया कि हत्या के पीछे 'कई अन्य कारण' थे जिनका वे खुलासा नहीं कर सकते और उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई किसी जाति या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों और अधिकारियों द्वारा गरीबों और कमजोरों के उत्पीड़न के खिलाफ है। गिरोह ने कहा कि इस तरह के कथित अपराधों की सजा मौत है। उसने अपने संदेश में चार बातें लिखीं, जिनमें यह दावा भी शामिल था कि भ्रष्ट अधिकारियों ने उनका जीना दुश्वार कर दिया है और एक पंक्ति में कहा गया था कि जो लोग आशीर्वाद के रूप में 11 रुपये देंगे, उन्हें बदले में 111 रुपये मिलेंगे। अधिकारी ने कहा कि 'नोट' के अंत में गिरोह संस्थापक भारती कपूर झा का नाम था जिसके बाद रंजन पाठक और अन्य सदस्यों के नाम लिखे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरोह बिहार में गिरफ्तारी से बच रहा था और उसने दिल्ली में शरण ले रखी थी। पकड़े जाने से बचने के लिए उनके फोन में सिम कार्ड नहीं थे और वे सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से इंटरनेट कॉल करने के लिए आसपास के लोगों के वाईफाई हॉटस्पॉट का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने कहा कि इस तरह की चाल से वे कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और परंपरागत मोबाइल ट्रैकिंग पद्धति के आधार पर पकड़ में नहीं आ सके। जांचकर्ताओं ने बताया कि यह गिरोह कई हत्याओं और जबरन वसूली के मामलों में शामिल था तथा गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा की तरह सोशल मीडिया पर कुख्यात होना चाहता था।

## छठ पूजा से पहले यमुना घाटों पर दिल्ली पुलिस ने गश्त बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने छठ के चार दिवसीय त्योहार के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने, भीड़ को सुचारू रूप से प्रबंधित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समारोह से पहले यमुना नदी के किनारों पर गश्त तेज कर दी है। आगामी त्योहार के लिए सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने गीता कॉलोनी और गांधी नगर क्षेत्रों में यमुना घाटों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, डीसीपी ने पहुंच मार्गों, भीड़ आवाजाही योजनाओं और तैनाती बिंदुओं की समीक्षा की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से अनुष्ठान कर सकें।

डीसीपी गौतम ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। भीड़ के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सुचारू प्रबंधन के लिए हम सिविल एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमें यमुना के किनारे संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त कर रही हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारी ने कहा अगर भीड़ बढ़ती है तो पुलिस की तैनाती भी उसी के अनुसार बढ़ा दी जाएगी। शाहदरा के अलावा उत्तर, पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व जिलों के पुलिस कर्मियों को जिनके अधिकार क्षेत्र यमुना से सटे हुए हैं, चौबीसों घंटे सतर्कता बनाए रखने और घाटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्य देव को समर्पित छठ पूजा के अवसर पर हर साल दिल्ली के घाटों पर, विशेषकर यमुना पार के क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ती है।

## केजरीवाल सरकार ने यमुना किनारे छठ पूजा पर लगाए थे प्रतिबंध, भाजपा ने हटाने का वादा किया पूराः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को यमुना किनारे बनाए जा रहे कई छठ घाटों का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर तिवारी ने आरोप लगाए कि पूर्व की आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार ने पूर्वांचल वासियों के साथ छल करते हुए पूर्वांचलियों की आस्था के महापर्व छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाकर अपनी कुंठित मानसिकता का परिचय दिया था। लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार लाखों रुपए खर्च करके वास्तव में छठ घाटों को सजाने संवारने कार्य कर रही है। सांसद तिवारी ने कहा कि चुनाव से पहले पार्टी ने जनता के साथ एक अनुबंध किया था कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में आएगी तो यमुना तट के किनारे छठ पूजा के आयोजन पर लगा प्रतिबंध हटा देगी। आज भाजपा सरकार ने अपने वादे को पूरा करते हुए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ यमुना किनारे छठ घाटों का निर्माण हो रहा है। लोग खुश होकर स्वच्छता से श्रमदान कर रहे हैं और यमुना किनारे के छठ घाटों को व्रतियों के लिए तैयार करने में सहयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप प्रमुख व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता जनार्दन ने एक बड़े पाप का दंड देते हुए सत्ता से ही बाहर कर दिया है। तिवारी ने छठ वृत्तियों के साथ छठ घाटों पर सफाई के लिए सांकेतिक श्रमदान भी कियाऔर मौजूद छठ व्रतियों के साथ छठ माई के भक्ति गीत भी गुनगुनाए। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी के अलावा दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह उत्तर पूर्वी जिले के अध्यक्ष डॉक्टर यू के चौधरी विधायक सूर्य प्रकाश खत्री भाजपा जिला उपाध्यक्ष सचिन मावी भाजपा नेता दीपक कुमार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और स्थानीय छठ समितियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## पांच साल के बच्चे की हत्या का मामला 24 घंटे में सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला में पांच साल के बच्चे की सनसनीखेज हत्या का मामला आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। आरोपी के खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिये गये हैं। डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि नरेला पुलिस, एएटीएस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को 21 अक्टूबर को दोपहर लगभग 3:30 बजे नरेला औद्योगिक क्षेत्र (एनआईए) पुलिस स्टेशन में अपहरण की सूचना मिली थी। बाद में कॉल नरेला पुलिस स्टेशन स्थानांतरित की गई। पूछताछ करने पर पता चला कि शिकायतकर्ता का पांच वर्षीय बेटा अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह लापता हो गया। बाद में बच्चे का शव नीटू के कमरे में मिला, जो शिकायतकर्ता का ड्राइवर है और पास के ही एक घर में रहता था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास 7-8 चैंपियन गाड़ियां हैं। मंगलवार शाम को उसके दो ड्राइवर नीटू और वसीम नशे में झगड़ पड़े और नीतू ने वसीम की पिटाई कर दी थी। इस पर शिकायतकर्ता ने नीटू को 2-4 थप्पड़ मार दिये थे और जमकर डांट लगाई थी। इससे नाराज होकर नीटू उसके घर से बहला फुसलाकर बच्चे को अपने किराए के कमरे में ले गया और ईंटों और चाकू से उसकी हत्या कर दी। पुलिस बच्चे को अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। कई टीमें गठित की गई। आरोपी की तलाश में टीमें बस अड्डों, और रेलवे स्टेशनों पर कड़ी नजर रख रही थी। आखिर में पुलिस ने आरोपी नीटू सहाय को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने इस जघन्य अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

## फर्जी डोनेशन और एनजीओ पंजीकरण घोटाले का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- उत्तरी जिले की साइबर पुलिस की कार्रवाई, तीन लोगों को किया गिरफ्तार



उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने एक फर्जी डोनेशन और एनजीओ पंजीकरण घोटाले का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के आगरा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पीड़ितों को गरीबों और बुजुर्गों की मदद करने का झांसा दिया था। वे हर महीने अच्छी-खासी रकम देने का भी वादा करते थे।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार मामले की शिकायत बाड़ा हिंदू राव निवासी मोहम्मद यूनुस खान (76) ने की थी। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से 16,600 रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने गरीब और बुजुर्ग व्यक्तियों की मदद के लिए दान का अनुरोध किया था। जालसाज ने उन्हें अपनी योजना के तहत अपना एनजीओ पंजीकृत कराने पर 50 हजार मासिक भुगतान और अन्य लाभ देने का झूठा वादा किया। इस प्रस्ताव पर विश्वास करके शिकायतकर्ता ने पंजीकरण और प्रसंस्करण शुल्क के रूप में कुल 16,600 रुपये जमा कर दिए। इसके बाद जालसाजों ने उनके कॉल और संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया। पीड़ित बुजुर्ग ने खुद को ठगा महसूस कर मामले की रिपोर्ट कर दी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने लाभार्थी के बैंक खाते का पता लगाया, जिसके परिणामस्वरूप आगरा, उत्तर प्रदेश में एक छापेमारी की गई। 11 अक्टूबर को एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लाभार्थी खाताधारक मनीष विश्वास (19) के रूप में हुई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी मनीष ने खुलासा किया कि मंथन कुमार और प्रिंस उर्फ कालू उर्फ कमलेश ने उससे संपर्क किया था। उन्होंने उसे कंपनी के धन को पुनर्जीवित करने के बहाने बैंक खाता खोलने के लिए राजी किया था। इसके बाद पुलिस ने उसी दिन मंथन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह आगरा के एक स्थानीय होटल में प्रशिक्षु शेफ के रूप में कार्यरत था। उसने खुलासा किया कि उसने बिचौलिए की भूमिका निभाते हुए ठगी की राशि के हस्तांतरण के लिए प्रिंस को मनीष के खाते का विवरण उपलब्ध कराया था। इस सुराग के आधार पर प्रिंस को भी गिरफ्तार कर लिया। वह पेशे से मजदूर है। उसने कबूल किया कि उसने मनीष के खाते का विवरण उसी इलाके के निवासी गोलू व एक अन्य व्यक्ति को उपलब्ध कराया था। उन्होंने उसे वित्तीय प्रोत्साहन का वादा किया था। मुख्य संचालक गोलू का पता लगाने और उसे पकड़ने तथा ठगी गई राशि की वसूली के लिए आगे की जांच जारी हैं।

## ठक ठक गैंग का पर्दाफाश 25 लैपटॉप, आईपैड बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने 'ठक-ठक' गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इनके पास से 28 चोरी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे लैपटॉप, आईपैड और मोबाइल बरामद हुये। चोर के अलावा चोरी की संपत्ति खरीदने वाले दो रिसीवर भी गिरफ्तार किये गये हैं। इस गिरफ्तारी से चोरी के सात मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार दीपक उर्फ निखिल नाम के एक शातिर अपराधी व उसके दो प्रमुख रिसीवर बबलू उर्फ दिनेश और नौशाद को गिरफ्तार किया है। इनसे 25 लैपटॉप, एक आईपैड, दो मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। यह गिरोह मुख्य तौर पर खड़ी गाड़ियों से लैपटॉप चुराता था। निखिल के बारे में सूचना मिली थी कि वह अपने साथियों से मिलने गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास डीडीए पार्क में आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अजय दलाल के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया था।

## रानी बाग में फॉर्च्यूनर में आग लगने से दो की मौत

**नई दिल्ली।** रानी बाग इलाके में बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा में तेज रफ्तार फार्च्यूनर ट्रक से टकरा गई। इसके बाद कार में आग लग गई, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय हेनरी, निवासी मीरा बाग और 21 वर्षीय दिपांशु चंदेला, निवासी पश्चिम विहार के रूप में हुई है। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। मिली जानकारी के अनुसार फार्च्यूनर कार तेज रफ्तार में थी और एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर के तुरंत बाद वाहन में आग लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार सवार दोनों युवकों की जान जा चुकी थी। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनीता पत्नी संदीप कुमार पता मकान नं. F-26/4, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–2, नई दिल्ली ने एफआईआर सं. 487/2023 धारा 3 डीपीडीपी एक्ट के तहत** थानाः ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनीता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनीता** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 487/2023 धारा 3 डीपीडीपी एक्ट के तहत** थानाः ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली **के उक्त अनीता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नुपूर गुप्ता
मुख्य महानगर दण्डाधिकारी
कोर्ट नं.516, साउथ ईस्ट जिला
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/14288/SE/2025

## पूरी ईमानदारी से प्रदूषण नियंत्रण में जुटी है सरकार सीएम के नेतृत्व में मिल रही कामयाबीः सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए भाजपा सरकार अपनी पूरी ईमानदारी व गहराई से प्रदूषण नियंत्रण में जुटी है। सीएम रेखा गुप्ता की अगुवाई में हमें प्रदूषण नियंत्रण में शुरुआती कामयाबी मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार की करीब 2000 टीमें तैनात है जो 24 घंटे में एक्यूआई में 50 अंकों का सुधार कर चुकी है। यह बातें दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटने के लिए सीएम के नेतृत्व में सरकार ने 376 एंटी-स्मॉग गन, 266 वाटर स्प्रिंकलर और 91 मैकेनाइज्ड स्वीपर तैनात की है। पूरे जोर शोर कार्य करने के चलते ही एक दिन में ही एक्यूआई में करीब 50 अंक का सुधार हुआ है। कल यानी बुधवार को एक्यूआई 353 था जो गुरुवार को सुधरकर 305 दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारी करीब 2000 टीमें दिन-रात काम कर रही हैं, कूड़ा जलाने, गाड़ियों के धुएं और निर्माण से होने वाले धूल प्रदूषण पर पैनी नजर रखी जा रही है। वहीं 376 एंटी-स्मॉग गन, 266 वाटर स्प्रिंकलर और 91 मैकेनाइज्ड रोड स्वीपर दिल्ली भर में जीपीएस ट्रैकिंग के साथ सक्रिय है। लगभग 443 टीम कूड़ा जलाने पर, 578 टीम वाहन प्रदूषण पर, 378 टीम धूल नियंत्रण पर, 65 टीम औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी रख रही हैं। इसके अलावा 953 सक्रिय पीयूसी केंद्र और 505 मोबाइल प्रॉसिक्यूशन टीम मतलब 974 ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगातार गश्त पर हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि 13 से ज़्यादा प्रदूषण प्रभावित इलाकों पर विशेष ध्यान दें और स्थिति के अनुसार संसाधनों को पुन तैनात करें। धूल और निर्माण प्रबंधन के लिए दिन के लिए 200 टीम और रात को 178 टीम में कुल 970 से अधिक कर्मचारी लगातार निर्माण स्थलों की निगरानी कर रही हैं। करीब 500 वर्ग मीटर से बड़े सभी साइट्स पर कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। विभिन्न विभागों द्वारा रोज़ाना ग्रीन वॉर रूम को रिपोर्ट दी जा रही है। इसी प्रकार औद्योगिक प्रदूषण निरीक्षण के लिए 65 विशेष टीमें जिसमें 33 टीम डीपीसीसी और 32 डीएसआईआईडीसी की शामिल है। यह टीमें रोज़ाना औद्योगिक इलाकों में जांच कर रही हैं ताकि सिर्फ पीएनजी ईंधन का उपयोग सुनिश्चित हो और प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन हो। सिरसा ने कहा कि दिल्ली की प्रदूषण के ख़िलाफ़ लड़ाई विज्ञान और डेटा पर आधारित है। हवा को पूरे साल साफ़ रखना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए भाजपा सरकार सेवा भावना के साथ काम कर रही है। हर विभाग का मकसद नागरिकों को स्वच्छ हवा देना है। सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम ऐसा सिस्टम बना रहे हैं जो संकट के वक्त नहीं, बल्कि हर दिन बेहतरीन तरीके से कार्य करे। वर्तमान में ग्रीन वॉर रूम रोज़ाना 30 से अधिक एजेंसियों जैसे लोनिवि, दिननि, एनडीएमसी, डीडीए, डीएसआई आईडीसी, डीपीसीसी , रेवेन्यू विभाग और दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय कर रहा है ताकि सर्दियों में प्रदूषण नियंत्रण की रफ्तार बनी रहे। सिरसा के अनुसार सरकार 25 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान के तहत विज्ञान-आधारित और नागरिक-केंद्रित मॉडल को और मजबूत बना रही है।

## दिल्ली सरकार ने फिनलैंड से खरीदा ड्रेजर, यमुना की सफाई में होगा मददगार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने यमुना नदी में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग, गाद निकालने और सफाई अभियान चलाने के लिए फिनलैंड से एक उन्नत मशीन खरीदी है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वर्मा ने बताया कि एम्फीबियस क्लासिक 4 मल्टीपर्पज ड्रेजर नामक यह मशीन दिसंबर से पहले भारत आ जाएगी और जनवरी से चालू हो जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह मशीन जमीन और पानी दोनों पर काम करने में सक्षम है, तथा इसमें फिनलैंड की इंजीनियरिंग को उच्च दक्षता वाली हाइड्रोलिक प्रणालियों और मॉड्यूलर उपकरणों के साथ संयोजित किया गया है। मंत्री ने कहा कि कुल आठ करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए इस ड्रेजर का उपयोग साहिबी नदी (नजफगढ़ नाला) की सफाई के लिए भी किया जाएगा। वर्मा ने इस खरीद को दिल्ली की नदियों को पुनर्जीवित करने के सरकार के मिशन की दिशा में मील का एक पत्थर बताते हुए कहा कि यह मशीन शहर की बाढ़ प्रबंधन प्रणाली को भी मजबूत करेगी। फिनलैंड में मौजूद मंत्री ने कहा, " यह कोई साझेदारी नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार द्वारा प्रत्यक्ष खरीद है। यह उन्नत प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय जिम्मेदारी में एक सचेत निवेश है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **राकेश कुमार सिंह, पुत्रः श्री हरि महेश सिंह, निवासीः आरजेड–70ए, गली नंबर 1, रॉउ डेयरी, मेन सागरपुर, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.275/2023 U/S 12/9/55 जुआ अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना सागरपुर, दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राकेश कुमार सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राकेश कुमार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.275/2023 U/S 12/9/55 जुआ अधिनियम, थाना सागरपुर, दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राकेश कुमार सिंह** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं.–18, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

DP/14200/SW/2025
(अदालती मामला)

### उपराज्यपाल सक्सेना व कपिल मिश्रा ने वासुदेव घाट का किया दौरा

# दिल्ली के 1300 से अधिक घाटों पर भव्य छठ पूजा का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वासुदेव घाट का संयुक्त निरीक्षण करते हुए मौके पर ही अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। इस बार दिल्ली के 1300 से अधिक घाटों पर भव्य छठ पूजा का आयोजन होने का दावा सरकार कर रही है। इस मौके पर एलजी सक्सेना ने कहा कि सरकार छठ पूजा के आयोजन को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और इस बार सभी व्यवस्थाएं गहन निरीक्षण में की जा रही है। सक्सेना ने कहा कि सरकार हर संभव कार्य कर रही है कि छठ पूजा में एक भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न आए। साफ सफाई, बेहतरीन रोशनी, आवागमन का सुलभ मार्ग, यमुना में साफ पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि पिछली सरकार ने छठ पर्व पर रोक लगाकर पूर्वांचलियों का अपमान किया था। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार की यह पहली छठ पूजा है और पहली ही छठ पूजा में यमुना किनारे पूजन का संकल्प पूरा होने जा रहा है। अब भाजपा सरकार में पूर्वांचल के लोग स्वाभिमान और गर्व के साथ छठ मनाएगें। मिश्रा ने कहा कि पूजा को की तैयारियों को लेकर दिल्ली सरकार युद्धस्तर पर जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 1300 से अधिक घाटों पर भव्य छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यमुना किनारे किए जा रहे इंतज़ाम इस बार अभूतपूर्व और ऐतिहासिक स्तर के हैं। दिल्ली में पहली बार इतना व्यापक आयोजन छठ पर्व के मद्देनजर किया जा रहा है, इसलिए दिल्ली सरकार की तैयारियां भी जोरदार और सुनियोजित हैं। निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन अब तक का सबसे व्यापक आयोजन होने जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिले। मिश्रा ने आगे कि पिछली सरकार ने जानबूझकर छठ पूजा पर रोक लगाई थी। केजरीवाल ने पूर्वांचल के लोगों का अपमान किया, लेकिन इस बार पूर्वांचल के लोग स्वाभिमान और गर्व के साथ अपना छठ पर्व मनाएंगे। पिछले 6 साल से यमुना किनारे छठ पूजा पर केजरीवाल ने बैन लगाया हुआ था, मगर इस बार ऐसा नहीं है। अब दिल्ली की सरकार हर श्रद्धालु के साथ खड़ी है।



### सीएचडी की दिल्ली सरकार से शुरुआत की अपील

# एनएचआरसी ने सर्दियों से बेघरों को बचाने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपने एक आदेश में भारत के 19 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से सर्दियों के दौरान बेघर और कमजोर लोगों को शीत लहरों से बचाने के लिए सभी उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। इस बारे में दिल्ली में बेघरों के लिए कार्य करने वाले संगठन सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) के अध्यक्ष सुनील आलेडिया ने दिल्ली सरकार से अपील करते हुए कहा है कि बचाव की शुरुआत करे। आलेडिया ने बताया कि एनएचआरसी ने सर्दियों के दौरान बेघरों की मौत होने पर गंभीरता से अपील की है कि संबंधित राज्य सरकारें इनकी जान बचाने के लिए सभी उचित कदम उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे में सीएचडी दिल्ली सरकार से अपील करता है कि आगामी सर्दियों को देखते हुए तुरंत दिल्ली में नाईट शेल्टरों से लेकर सभी उचित कदम उठाए। क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली में कड़ाके की सर्दियों के समय सैकड़ों बेघरों की मौत होना मानवीय पहलू से बेहद चिंतनीय व अफसोसजनक है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2019 और 2023 के बीच 3,639 मौत हो चुकी है। यही कारण है कि एनएचआरसी ने 19 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से सर्दियों के दौरान बेघर और कमजोर लोगों को शीत लहरों से बचाने के लिए निवारक उपाय करने का आग्रह किया है। आलेडिया ने बताया कि संवेदनशील वर्गों, विशेष रूप से नवजात शिशुओं, बच्चों, शिशु, गरीब, बुजुर्ग, बेघर, निराश्रित और भिक्षावृत्ति में लिप्त लोग, जो आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि आयोग स्वीकार करता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बदलते मौसम के पैटर्न मानवाधिकारों को प्रभावित करते हैं। चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित कमजोर आबादी की रक्षा करने और उनकी गरिमा का सम्मान और उसे बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। एनसीआरबी की भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या शीर्षक वाली रिपोर्ट बताती है कि 2019 और 2023 के बीच, आयोग ने उल्लेख किया कि देश में शीत लहरों के संपर्क में आने से कुल 3,639 लोगों की कथित तौर पर मृत्यु हुई। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को भेजे अपने पत्र में, आयोग ने शीत लहरों के प्रभावों को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशानिर्देशों को दोहराया है। आलेडिया ने बताया कि एनडीएमए के अनुसार उपचार प्रोटोकॉल स्थापित करना, दिन और रात के आश्रयों की स्थापना करना, ठंड से संबंधित बीमारियों के लिए चिकित्सा देखभाल प्रदान करना और मानक उपचार प्रक्रियाओं को लागू करना और राहत प्रयासों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करना और उनकी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना शामिल है।

# दिल्ली से पटना साहिब के लिए ‘चरण सुहावे गुरु चरण’ यात्रा रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ केंद्रीय मंत्री सहित अनेक रहे मौजूद

गुरु गोबिंद सिंह साहिब और माता साहिब कौर के जोड़ा साहिब को लेकर जयकारों की गूंज में दिल्ली से पटना साहिब के लिए चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा रवाना हुई। इस अवसर पर अकाल तख्त साहिब, तख्त पटना साहिब के जत्थेदार, दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी, शिरोमणि कमेटी, तख्त श्री पटना साहिब कमेटी सहित पंथ की सभी संस्थाओं और जत्थेबंदियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। जानकारी अनुसार इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी व उनके परिवार का सम्मान किया गया। जबकि वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल ए. पी. सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज समेत अन्य प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहीं। इस बारे में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महामंत्री जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि संगत से अपील की है कि जिन जिन परिवारों के पास गुरु साहिबानों की निशानियां हैं, वे उन्हें पंथ के सुपुर्द करें। चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से तख्त श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुई। रवाना होने से पहले गुरुद्वारा मोती बाग साहिब में अरदास की गई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाई गई गाड़ी में सुशोभित किया गया। इस यात्रा के रवाना होने से पहले गुरु साहिब के जोड़ा साहिब को पंथ को सौंपने वाले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और उनके परिवार का पंथ की सभी संस्थाओं और जत्थेबंदियों के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा नगर कीर्तन के रूप में फरीदाबाद, आगरा, बरेली महानगापुर, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी से सासाराम होते हुए 31 अक्तूबर को गुरुद्वारा गुरु का बाग पटना साहिब पहुंचेगी और 1 नवंबर की सुबह यह तख्त श्री पटना साहिब पहुंचेगी।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव चार नवंबर को प्रस्तावित छह नवंबर को आ सकते हैं नतीजे

एजेंसी, नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की चुनाव समिति ने बृहस्पतिवार को 2025-26 के छात्र संघ चुनावों के लिए अस्थायी कार्यक्रम जारी किया, जिसके तहत चार नवंबर को मतदान होगा और छह नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया 24 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक अनंतिम मतदाता सूची जारी होने तथा उसमें संशोधन शुरू करने के साथ शुरू होगी। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच जारी किए जाएंगे। उम्मीदवार 27 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वैध नामांकनों की सूची 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जारी की जाएगी और उसी दिन अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे के बीच नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची शाम सात बजे तक जारी कर दी जाएगी और उसके बाद रात आठ बजे प्रचार के लिए स्थान आवंटन के साथ एक प्रेस वार्ता होगी। चुनाव समिति के अध्यक्ष रविकांत द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान चार नवंबर को दो सत्रों में होगा- सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक। मतगणना रात नौ बजे शुरू होगी। अंतिम परिणाम छह नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## सड़क हादसे में अशक्त हुए इंजीनियर को मुआवजा देने का आदेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2015 में सड़क हादसे में अशक्त हुए 30-वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 70.60 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी अरुल वर्मा आवेदक कुणाल सिंह की दावा याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। कुणाल सिंह चार अप्रैल, 2015 को मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे तभी एक पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। न्यायाधिकरण ने 16 अक्टूबर के आदेश में कहा कि यह स्थापित हो चुका है कि दुर्घटना पिकअप वाहन चालक की लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई। आदेश में कहा गया कि कोई भी धनराशि उस पीड़ा की भरपाई नहीं कर सकती जो पीड़ित ने झेली है, लेकिन आशा है कि कुछ मुआवजा मिलने से उसकी पीड़ा को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी।" न्यायाधिकरण ने कहा कि उसे उचित और न्यायसंगत तरीके से मुआवजा देने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। उसने सिंह को घुटने के नीचे गंभीर चोटें और 45 प्रतिशत स्थायी अशक्तता का हवाला दिया। न्यायाधिकरण ने कहा कि इस चोट ने पीड़ित के भविष्य को प्रभावित किया है। इसने विभिन्न मदों में कुल 70.60 लाख रुपये से अधिक मुआवजा देने का आदेश दिया। न्यायाधिकरण ने कहा कि मुआवजे की तय की गई राशि चुकाने की जिम्मेदारी चालक, वाहन मालिक और चोलामंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी, तीनों की है, लेकिन यह राशि जमा करने की जिम्मेदारी बीमा कंपनी की होगी।




## कांग्रेस ने वायु प्रदूषण के आंकड़ों को लेकर सरकार पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे दावों पर कांग्रेस ने सवाल उठाए है। पूर्व पार्षद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक दत्त ने आशंका व्यक्त करते हुए चिंता जताई है कि जिस प्रकार भाजपा ने चुनाव आयोग के आंकड़ों में हेराफेरी करके उसको बिगाड़ दिया, उसी तरह कहीं एक्यूआई के आंकड़े भी न बदल दे। दत्त ने कहा कि दिल्ली में जिस प्रकार वायु प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है, जिससे रेखा सरकार की किरकिरी हो रही है। इसलिए हमें चिंता है कि कहीं भाजपा की दिल्ली सरकार केंद्र सरकार की तरह आंकड़ों में हेराफेरी न करे। उन्होंने कहा कि हमें पूरी तरह संदेह है कि दिल्ली सरकार भी प्रदूषण मापने वाले यंत्रों में गड़बड़ी करने से सरकार चुकेगी नहीं। यह मुद्दा लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मामला है। वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंच चुका जिससे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# लगातार तीसरे दिन दिल्ली की हवा में हुआ सुधार एक दिन में करीब 50 अंक साफ हुई बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार तीसरे दिन गुरुवार को हवा में सुधार दर्ज हुआ। एक्यूआई में बुधवार की तुलना में 50 अंक का सुधार देखने को मिला। राजधानी में शुरू हुई तेज हवाओं व सरकार के प्रयासों से दिल्ली के साथ ही एनसीआर के क्षेत्रों में प्रदूषण से राहत की बयार बहने लगी है। करीब 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक चली तेज हवाओं के चलते प्रदूषक तत्वों के बिखराव में मदद मिली और दिल्ली की एक्यूआई में सुधार देखा गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली में औसत एक्यूआई सुधरकर 305 अंकों पर रहा। हालांकि अभी भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में ही बनी रही है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 के अंक पर रहा। एक दिन पहले बुधवार को दिल्ली में औसत एक्यूआई 353 के अंक दर्ज किया गया। यानी बीते 24 घंटे के दौरान एक्यूआई में 48 अंकों का सुधार हुआ है। दिल्ली के आनंद विहार इलाके में प्रदूषण का स्तर गुरुवार को 413 एक्यूआई के साथ सबसे ज्यादा रहा, इसे गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली की हवा में इस समय मानकों से दोगुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। लेकिन, शाम को चार बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का औसत स्तर 225 और पीएम 2.5 का स्तर 128 पर मौजूद रहा। यानी दिल्ली की हवा में दोगुने से भी ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली की माने तो अगले छह दिनों के दौरान दिल्ली का वायु गुणवत्ता का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में ही रहेगा। वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में अगले छह दिन सुबह और शाम के वक्त धुंध देखी जा सकती है। राहत की बात यह कि इस हफ्ते यानी अगले छह दिन स्मॉग नहीं छाएगा। इस हफ्ते हवा की स्पीड 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास देखी जा सकती है।

# दिल्ली सरकार ने महिलाओं को रात्रि पाली में दुकानों वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में काम करने की दी अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को एक अधिसूचना जारी कर दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में महिला कर्मचारियों को रात की पाली में काम करने की अनुमति दे दी बशर्ते वे इसकी लिखित सहमति दें। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिसूचना में कहा गया है कि दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक कर्मचारी ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन और अधिकतम 48 घंटे प्रति सप्ताह ड्यूटी के लिए अधिकृत होगा। इसमें कहा गया है कि आंतरिक शिकायत समितियां (आईसीसी) भी गठित करनी होगी। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इस वर्ष की शुरुआत में दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात की पाली में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। दिल्ली सरकार के श्रम विभाग द्वारा हाल ही में जारी एक अधिसूचना में दिल्ली दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1954 के तहत महिलाओं को रोजगार देने तथा उनके रोजगार की शर्तों से संबंधित दो प्रविष्टियां जोड़ी गईं। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि महिला कर्मचारियों को रात की पाली में काम करने की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए उनकी लिखित सहमति अनिवार्य होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि किसी भी कर्मचारी को किसी भी दिन नौ घंटे (भोजन और आराम के समय सहित) से अधिक और सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके मुताबिक नियोक्ता उन सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, संरक्षा और परिवहन के संबंध में उपयुक्त व्यवस्था करनी होगी, जिन्हें ओवरटाइम या रात की पाली में काम करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही प्रावधान किया गया कि किसी भी कर्मचारी को एक दिन में पांच घंटे से अधिक ओवरटाइम करने की अनुमति नहीं होगी। अधिसूचना में कहा गया, ‘‘पात्र कर्मचारियों को दिल्ली दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1954 की धारा 8 के तहत सामान्य दर से दोगुनी दर पर ओवरटाइम मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। यदि पाली के आधार पर ड्यूटी की व्यवस्था हो, तो वह इस तरह से होगा कि किसी भी कर्मचारी को केवल रात की पाली में काम करने के लिए मजबूर न किया जाए।" अधिसूचना में कहा गया है कि महिला श्रमिकों को नियुक्त करने वाले प्रत्येक नियोक्ता को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत आईसीसी का गठन करना होगा। इसके अलावा, नियोक्ताओं को प्रतिष्ठान की वीडियोग्राफी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे, फुटेज को कम से कम एक महीने तक सुरक्षित रखना होगा तथा दुकानों के मुख्य निरीक्षक की मांग पर उसे प्रस्तुत करना होगा। अधिसूचना के मुताबिक अधिसूचित राष्ट्रीय अवकाशों पर काम के बदले प्रतिपूरक अवकाश, साप्ताहिक अवकाश, न्यूनतम मजदूरी, भविष्य निधि, बीमा और बोनस जैसे कानूनी लाभ भी देने होंगे।



# मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड्स में प्रथम रनर-अप रही इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ब्रिजस्टोन इंडिया ने अपनी 5वीं संस्करण की मोबिलिटी सामाजिक प्रभाव पुरस्कार 2025 की विजेताओं की घोषणा की। जिसमें दिल्ली की इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन को 'संकटग्रस्त समुदायों के सशक्तिकरण' श्रेणी में प्रथम रनर-अप के रूप में सम्मानित किया गया।

मोबिलिटी सामाजिक प्रभाव पुरस्कार ब्रिजस्टोन इंडिया की एक पहल है जो उन गैर-लाभकारी संस्थाओं को मान्यता देती और सम्मानित करती है, जो सुरक्षित और स्थायी गतिशीलता समाधान के लिए काम कर रही हैं। हीरोशी योशिजाने, ग्रुप प्रेसिडेंट, ब्रिजस्टोन एशिया पैसिफिक और प्रबंध निदेशक, ब्रिजस्टोन इंडिया ने कहा कि संकटग्रस्त समुदायों के सशक्तिकरण श्रेणी में, बेंगलुरु की एसोसिएशन ऑफ पीपल विद डिसएबिलिटी को उनके 'रिहैब ऑन व्हील्स' कार्यक्रम के लिए शीर्ष सम्मान मिला। दिल्ली की इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन को 'एम्पावर हर' और 'मिशन आई-एम-पॉसिबल' जैसी पहलों के लिए प्रथम रनर-अप घोषित किया गया, जिन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से 81 लाख से अधिक जीवनों को प्रभावित किया। 'एम्पावर हर', 'राइज अप' और 'मिशन आई-एम-पॉसिबल' जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन ने भारत भर के हाशिए पर रहने वाले समुदायों के 81 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुँचाया और 268 रुपए करोड़ से अधिक की सहायता वितरित की है।

## 160 से अधिक गांवों में समुदाय आधारित कार्यक्रमों में प्रशांसा मिली




झारखंड की झारखंड विकास परिषद को 160 से अधिक गाँवों में समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के लिए जूरी प्रशंसा पुरस्कार मिला। वहीं सड़क सुरक्षा में अभिनव समाधान और उत्कृष्टता श्रेणी में, चेन्नई की अलर्ट (एमेंटी लाइफलाइन आपातकालीन प्रतिक्रिया दल) को शीर्ष पुरस्कार मिला। भुवनेश्वर की सुरक्षित भारत संस्था को उनके जोनजीरो सुरक्षित विद्यालय क्षेत्र और चालक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रथम रनर-अप के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं सुंदीप तलवार, फ़िलैंथ्रॉपिक एडवाइजर और सीईओ, इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन भारत ने कहा कि ब्रिजस्टोन इंडिया से यह सम्मान हमारे मिशन को और मजबूत करता है। जिसका मकसद समावेशी विकास के जरिए समुदायों को सशक्त बनाना है। गतिशीलता सिर्फ चलने-फिरने तक सीमित नहीं है, यह सबके लिए पहुंच, समानता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के बारे में है। विजेताओं को प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और स्नेहलया के संस्थापक डॉ. गिरीश कुलकर्णी ने सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस लाईन परिसर में किया पौधारोपण



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार की पहल पर 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसको सफल बनाने के लिये फरीदाबाद पुलिस ने 23 अक्टूबर को सभी थाना, चौकी, पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 अक्टूबर पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता हैए जिस संबंध में 31 अक्टूबर तक शहीद दिवस पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

### स्कूटी सवार को पिकअप ने कुचला, मौत



**फरीदाबाद।** डबुआ थाना क्षेत्र में अपने साले के साथ स्कूटी पर जा रहे जीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। सैनिक कालोनी के मोड़ पर पिकअप ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी। जिससे पीछे बैठा युवक संतुलन खोकर गिर पड़े। इसके बाद पिकअप उनको कुचलते हुए चला गया। घायल अवस्था में युवक को बादशाह खान अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उसकी मौत हो गई। एसजीएम नगर में रहने वाले फकरुद्दीन ने पुलिस को बताया कि उनके जीजा असलम कालोनी में ही सैलून चलाते हैं।

### झगड़ा के मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा की टीम ने आदर्श नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट के एक मामले में सचिन व योगेश निवासी आदर्श नगर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना आदर्श नगर में धारा सिंह निवासी यादव कॉलोनी बल्लभगढ़ ने दी शिकायत में आरोप लगाया था कि 10 सितंबर को उसका बेटा लक्ष्मण अपने मकान पर गया था। जैसे ही वहां पहुंचा तो मोटरसाईकिल सवार वहां आए और लक्ष्मण पर तलवार व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### 25 अक्टूबर तक पंजीकृत लाभार्थियों को ही 1 नवंबर को मिलेगी योजना राशि

# हरियाणा डे पर सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त जारीः डीसी विक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिन पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण 25 अक्टूबर तक लाडो लक्ष्मी योजना एप पर पूर्ण हो जाएगा, उन्हें आगामी 1 नवम्बर 2025 को हरियाणा डे के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाभार्थियों को योजना की पहली किस्त जारी की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभा कक्ष में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की।

**खास बातें**

- सभी वार्ड और ग्राम पंचायतों में समयबद्ध सुनिश्चित करें पंजीकरण
- डीसी विक्रम सिंह ने लाडो लक्ष्मी योजना प्रगति की समीक्षा बैठक ली
- लाडो लक्ष्मी योजना में पंजीकरण के लिए बिजली बिल नंबर उपलब्ध कराने का आग्रह

### बैठक में मेयर सहित अधिकारी भी उपस्थित रहे

बैठक में नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी, सभी वार्ड पार्षद, एमसीएफ अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सरपंचों, ग्राम सचिवों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने योजना की वर्तमान स्थिति लाभार्थियों की संख्या और आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपायुक्त को प्रदान की। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से निःशुल्क डिजिटल आवेदन किया जा सकता है, जो एंड्रॉइड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन भी लाभार्थियों का पंजीकरण 25 अक्टूबर तक हो जाएगा, उनको 1 नवंबर को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 उनके खाते में मिलेंगे। इस योजना के पहले चरण में प्राथमिकता उन परिवारों की महिलाओं को दी जाएगी, जिनकी वार्षिक आय 1,00,000 से कम है। इसके बाद दूसरे चरण में 1,80000 तक वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार तीसरे और चौथे चरण में भी निर्धारित आय सीमा के अनुसार महिलाओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने नगर निगम के सभी जॉइंट कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि वे दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 25 अक्टूबर 2025 तक अपने-अपने क्षेत्रों में वार्डवार तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के पास सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं, उनका पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही ऐसे लाभार्थियों को भी चिन्हित किया जाए जिनका पंजीकरण किसी तकनीकी या दस्तावेजी समस्या के कारण अब तक लंबित है।

### बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

## कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए 26 को होगा पिंक वॉक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद




यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर 26 अक्टूबर को को 'पिंक वॉक' का आयोजन करेगा। जिसके उद्देश्य ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है।

अस्पताल ग्रुप के चैयरमेन डॉ. दिनेश अरोड़ा ने बताया कि यशोदा हेल्थकेयर, दिल्ली एनसीआर पिछले तीन दशकों से महिलाओं के स्वास्थ्य और समग्र भलाई को सुधारने में निरंतर प्रयासरत है। हर साल लगभग 15 प्रतिशत महिलाएं ब्रैस्ट कैंसर से प्रभावित होती हैं, इसलिए इसका समय पर स्क्रीनिंग और जांच बेहद महत्वपूर्ण है। हमें इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ानी होगी, ताकि महिलाएं समय रहते इसका इलाज करवा सकें। यदि इसे शुरुआती चरण में पहचाना जाए तो यह पूरी तरह से इलाज योग्य है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। डॉ रजत अरोड़ा ने बताया कि यशोदा हॉस्पिटल ने महिलाओं के लिए अक्टूबर माह में विशेष रूप से भारी छूट पर मैमोग्राफी कूपन भी जारी किए हैं, जो पूरे अक्टूबर माह तक वैध रहेंगे। यह पहल महिलाओं को प्रेरित करेगी कि वे समय रहते स्क्रीनिंग करवाएं, क्योंकि ब्रैस्ट कैंसर का इलाज समय पर शुरू करना बेहद महत्वपूर्ण है।

# छठ घाटों की सफाई शुरू, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में छठ पूजा पर्व के लिए पूर्वांचल समाज के लोगों ने घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य शुरू कर दिया है। बल्लभगढ़ सेक्टर-3 के पुल के पास स्थित छठ घाट पर साफ-सफाई की तैयारी में जुड़ गए हैं। पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष सुदीश यादव ने बताया कि दीपावली के दूसरे दिन से ही घाट की साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी घाट को पेंट किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ स्थान पर पूजा के लिए मिले। उन्होंने बताया कि इस बार 27 अक्टूबर को छठ पर्व की संध्या आरंभ होगी, जिसमें ढलते हुए सूर्य को अघ्र्य दिया जाएगा, जबकि अगले दिन 28 अक्टूबर की सुबह उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देने के साथ छठ व्रत संपन्न होगा। छठ संध्या पर यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय और



बाहर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सुदीश यादव ने कहा कि इस घाट पर हर साल सेक्टर-3, 4, 7, 8, चावला कॉलोनी, तिरखा कॉलोनी, पटेल नगर और राम नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग छठ पूजा करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलता, जिससे सभी तैयारियां समाज के लोग खुद ही करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि घाट की साफ-सफाई के लिए कर्मचारी भेजे जाएं और भीड़ वाली स्थिती को संभालने के लिए दो दिन पहले से ही पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। सुदीश यादव ने बताया कि नए पुल के पास तीन छठ घाट बनाए गए हैंए जहां दो दिन पहले से बाजार लगना शुरू हो जाता है जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने मांग की कि छठ के दौरान महिलाओं के लिए अलग रास्ता बनाया जाए और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए।

## दीवाली पर ताश खेलने के विवाद में युवक की हत्या करने वाले तीन गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर पुलिस ने दो दिन पहले युवक की हत्या का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि युवक की हत्या दीवाली पर ताश खेलने के विवाद में हुई है। आरोपियों के कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर (जिनमें एक आलाकत्ल तमंचा व एक खोखा कारतूस 315 बोर) एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद किया गया है ।

प्रगत संगणन विकास केंद्र
CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING
(इलेक्ट्रॉनिक्सएवंसूचनाप्रोद्योगिकी मंत्रालयकी प्रमुख आरएंडडीसंगठन, भारतसरकार (
(A premier R&D organization of the Ministry of Electronics & Information Technology. Govt. of India). वेल्लयंबलम, तिरुवनंतपुरम, केरल, पिन-695033, फोन:0471-2723333,
Vellayambalam, Thiruvananthapuram, Kerala, PIN-695 033, Phone: 0471-2723333
सीडैक CDAC
विज्ञापन सं. सीडैकति/आरसीटी/05/2025 तारीख 24/10/2025
Advt. No: CDACT/RCT/05/2025 dated 24/10//2025
सी-डैक, तिरुवनंतपुरम में समेकितवेतनपरविभिन्न अनुबंधपदोंकेलिए रायपुर स्थान के लिएवॉकइन / ऑनलाइनइंटरव्यू
WALK IN/ONLINEINTERVIEW FOR RAIPUR LOCATION
FOR VARIOUS CONTRACT POSITIONS ON CONSOLIDATED PAYFOR C-DAC, THIRUVANANTHAPURAM
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें/
For more details, please visit our website
www.cdac.in
प्रबंधक (प्रशासन), एच आर / Manager (Admn), HR
CBC 06165/12/0005/2526

### 4 आरोपी गिरफ्तार, थाना पल्ला की कार्रवाई

# गाड़ी से घर में मारी टक्कर फिर ईंट व पत्थरों से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

घर में टक्कर मार ईंट व पत्थरों से हमला करने के मामले में थाना पल्ला की टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप निवासी सूरदास कालोनी फरीदाबाद ने थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 अक्टूबर की रात को दो कार सवार लोगों ने उनके घर में गाड़ी ठोक दी, जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट की तथा वहां खड़ी उसकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिस शिकायत पर थाना पल्ला में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला की टीम ने प्रवेश, विशाल, भरत व दलीप निवासी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि 21 अक्टूबर की रात को आरोपी भरत व प्रवेश गाड़ी में जा रहे तभी रास्ते में उनकी



गाड़ी शिकायतकर्ता के घर के बाहर बनी सीढ़ियों से टकरा गई थी, जिस पर भरत व प्रवेश की शिकायतकर्ता से कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद प्रवेश ने दलीप व विशाल को फोन करके बुला लिया और फिर शिकायतकर्ता के घर पर ईंट व पत्थरों से हमला कर दिया। वारदात में प्रयोग गाड़ी बरामद कर ली गई है। गाड़ी आरोपी दलीप की थी। सभी आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया

## सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस ने महिला को सुरक्षित पहुंचाया घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं को रात्रि के समय सुरक्षित उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाया जाता है, जिसके निरंतर में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए 21-22 अक्टूबर की रात को फरीदाबाद पुलिस की दुर्गा शक्ति.3 की टीम ने रात्रि के समय एक महिला को सुरक्षित उसके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 21-22 अक्टूबर 2025 की रात दुर्गा शक्ति की टीम को गस्त के दौरान ओल्ड रेलवे स्टेशन फरीदाबाद के पास एक महिला मिली। जिसने बताया कि वह डबुआ फरीदाबाद की रहने वाली है तथा उसे घर जाने के लिए कोई



साधन नही मिल रहा। जिस पर दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला को सरकारी गाड़ी से उसको घर तक छोड़ा गया। महिला व परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

### आरोपी से पूछताछ जारी

## बातचीत बंद करने से खफा होकर महिला पर चलाई गोली, आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार एरिया में महिला द्वारा बातचीत बंद करने पर खफा हुए दोस्त ने महिला पर गोली चला दी। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देसी कट्टा बरामद कर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, यूपी के जौनपुर निवासी 31 वर्षीय विपिन गुरुग्राम के डूंडाहेड़ा गांव में किराए पर रहता है। वह यहां किसी निजी कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करता है। विपिन की यूपी के प्रतापगढ़ निवासी व डूंडाहेड़ा गांव में रह रही 30 वर्षीया शिवांगी से दोस्ती थी। कुछ दिनों से शिवांगी ने विपिन से बात करनी बंद कर दी। जिस पर खफा होकर विपिन देशी कट्टे से शिवांगी पर गोली चला दी। गोली शिवांगी के कंधे पर लगी, उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी विपिन को काबू कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में एक तरफा प्यार में वारदात को अंजाम देने के ऐंगल से भी जांच की जा रही है। वहीं, यह भी जांचा जा रहा है कि आरोपी वारदात में प्रयुक्त हथियार कहां से लाया था। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री तरुण कुमार** पुत्र स्वर्गीय श्री किशन निवासी एफ-226, खसरा नंबर 223, 25 फीट रोड, गोकुल पुरी उत्तर-पूर्वी दिल्ली-94, मोबाइल नंबर 9625253803 ने सीसी नंबर 5858/2020, 8933/2020 और 6144/18 धारा 138 एनआई एक्ट थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री तरुण कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री तरुण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सीसी नंबर 5858/2020, 8933/2020 और 6144/18 धारा 138 एनआई एक्ट थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्री तरुण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री आरुषि परवाल,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (एनआई अधिनियम) (केन्द्रीय),
कमरा नं. 02, भूतल, (केन्द्रीय जिला), न्यायालय उपभवन-01,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।

DP/14241/N/2025

### 24 घंटे के अंदर कोतवाली की टीम ने आरोपियों को काबू किया

## अपना भोजनालय ढाबा पर मारपीट करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले शरारती तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में 20-21 अक्टूबर की रात को अपना भोजनालय पर हुई मारपीट के मामले में 24 घंटे के अंदर ही तीन आरोपियों को थाना कोतवाली की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 21 अक्टूबर को धीरज भाटिया निवासी फरीदाबाद की शिकायत पर थाना कोतवाली में मारपीट व तोड़फोड़ की धाराओं के अर्तगत एक मामला दर्ज किया गया। जिसमें आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता का एनआईटी बस स्टेंड के पास अपना भोजनालय के नाम से ढाबा है, , मनीष अपने अन्य साथियों के साथ ढाबा पर आया और उनके साथ मारपीट की तथा ढाबा में तोड़फोड़ की। आंनद उर्फ सन्नी, व गुंजेश निवासी जीवन नगर पार्ट-2 गोच्छी फरीदाबाद को गिरफ्तार कर किया है। तथा खाना पैक करवाने के बाद मनीष ने ऑनलाइन पैमेंट के लिए ढाबा कर्मचारी से स्कैनर को गाड़ी के पास लाने को कहा, परंतु ढाबा कर्मचारी ने स्कैनर को गाड़ी के पास लाने से मना कर दिया। जिस पर उनकी आपस में कहासुनी हो गई, फिर मनीष वहां से अपने अन्य साथियों के साथ चला गया।

### अब तक सात आरोपियों पर काबू पाया

## दुकान पर तोडफोड़ व मारपीट करने के मामले में 4 और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की शरारती तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी है। 21 अक्टूबर को ओल्ड मार्केट में चाप की दुकान पर तोड़फोड़ व मारपीट करने के मामले में थाना ओल्ड की टीम ने मामले में संलिप्त 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हुक्म चंद की ओल्ड फरीदाबाद मार्केट स्थित सोया चाप की दुकान पर 21 अक्टूबर की रात को कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ तथा मारपीट की थी, जिस संबंध में 22 अक्टूबर को थाना ओल्ड में




संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 22 अक्टूबर को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए थाना ओल्ड की टीम ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों देवा, ध्रुव उर्फ नोनू, श्याम व रोहित ठाकुर के नाम शामिल है, सभी ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देवा व रोहित ठाकुर 21 अक्टूबर को ओल्ड मार्केट में चाप लेने के लिए गए थे, जहां पर पैसे के लेनदेन को लेकर उनकी दुकान पर कार्य करने वाले कारीगरों के साथ कहासुनी हो गई, फिर उन्होंने अपने दोस्तों को बुला लिया और दुकान पर तोड़फोड़ तथा मारपीट की। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर कार्रवाई की जाएगी।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन उर्फ मोंगली, पुत्रः** वसीम, **पताः** गली नं. 1, आर्य नगर, लोनी बॉर्डर, गाज़ियाबाद (उ.प्र.) ने मुकदमा **FIR No. 024240/18 U/s 379/411/34 IPC, थानाः भजन पुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ मोंगली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ मोंगली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 024240/18 U/s 379/411/34 IPC, थानाः भजन पुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमन उर्फ मोंगली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13943/NE/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### यूपी से एमपी के लिए वंदेभारत की सौगात

वाराणसी। यूपी से एमपी के लिए नई वंदेभारत ट्रेन की सौगात मिली है। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से यह वंदेभारत ट्रेन खजुराहो के बीच चलेगी। ट्रेन के चलने से चित्रकूट धाम आना-जाना आसान हो जाएगा। ट्रेन का फायदा बुंदेलखंड को होगा। यहां के चित्रकूट के साथ ही बांदा व महोबा भी यह ट्रेन रुकेगी। खजुराहो से भाजपा के सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रस्ताव पर रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिली है।



### रांची में जेएपी 2 के जवान ने की आत्महत्या

रांची। राजधानी रांची में झारखंड आर्म्ड पुलिस 2 के जवान ने आत्महत्या कर ली। जवान का शव कमरे में लगे पंखे से लटका मिला। जवान की मौत के बाद मौके पर पुलिस के वरीय अधिकारी और एफएसएल की टीम भी पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार,जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित विस्थापित कॉलोनी स्थित कमरे में जैप जवान की मौत से अफरा तफरी मच गई।



### चाइनीज मांझे से कटी युवक की गर्दन

शाहजहांपुर (यूपी के शाहजहांपुर में भैया दूज जैसे खुशियों वाले पर्व पर दो परिवारों में मातम पसर गया है। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रोजा थाना क्षेत्र में पत्नी के साथ बाइक से जा रहे युवक की चाइनीज मांझे की चपेट में आने से गर्दन कट गई। पत्नी के सामने ही उसकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है।



# डीआईजी ने परखी व्यवस्था, गंगा तट पर बसने लगी तंबुओं की नगरी

अमरोहा में लगने वाले तिगरी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीआईजी मुनिराज जी, डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद ने मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मेला परिसर की निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से होगी, जबकि पुलिस और पीएसी की तैनाती की जाएगी।

एजेंसी ▸▸ अमरोहा

त्योहारी सीजन बीतने के साथ ही तिगरी मेले की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। मेले की बुनियादी व्यवस्थाओं को तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। वहीं, बृहस्पतिवार को डीआईजी ने भी तिगरी पहुंचकर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शेष रह गए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मेले की तैयारियों को परखने के लिए डीआईजी मुनिराज जी को डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद के साथ तिगरी पहुंचे। तैयारियों का जायजा लेते हुए डीआईजी ने कहा कि इस बार भारी संख्या में श्रृद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसलिए फोर्स की संख्या भी बढ़ाई गई है। कहा कि मेला स्थल पर स्टंटबाजी या खुराफाती कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूरे मेला परिसर की ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। यातायात और पार्किंग के लिए इस तरह कार्ययोजना बनाएं कि आमजन को कोई परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित घाट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने सड़कों के कार्यों का निरीक्षण करते हुए तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बताया कि मेला पुलिस कोतवाली बनकर लगभग तैयार हो चुकी है। सभी सेक्टर में पेयजल आपूर्ति और प्रकाश की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपदान स्थल और रंगोली स्थल भी चिन्हित कर लिए गए हैं। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।



### तिगरी मेले में लोगों के लिए परेशानी का सबब बनेगा नाला

तिगरी मेले में गंगा किनारे का नाला श्रद्धालुओं की परेशानी का सबब बनेगा। स्नान के लिए गंगा किनारे पहुंचने में दिक्कत सामने आएगी। इस बार गंगा द्वारा मेला स्थल का काफी कटान किया जाने के कारण इस बार तिगरी मेले का स्वरूप बदल गया है जहां पिछले साल मेला गंगा की रेती में लगा था, वहीं इस बार पक्की भूमि पर बस रहा है। इसके अलावा मेला करीब 600 मीटर उत्तर दिशा में लग रहा है। मेले में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को शिविर लगाने के लिए पर्याप्त भूमि मिल जाए। प्रशासन का इस पर जोर है। इसी कारण मेला स्थल पर खड़ी करीब 900 बीघे गन्ने की फसल को कटवाया जा रहा है। अधिकांश फसल काटी जा चुकी है।

## सीएम योगी का अधिकारियों को निर्देश

# यूपी के सभी एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किलोमीटर पर होगी विशेष सुविधा

एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए। वहीं विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का रास्ता साफ हो गया है।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

सीएम योगी ने कहा, प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक व जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबन्धन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। सीएम योगी अपने सरकारी आवास पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं व सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए।

**खास बातें**

- हर 100 किलोमीटर पर होगी ये खास सुविधा
- जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी



### 922 नए पद सृजित होने का रास्ता साफ

मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरान्त विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 व राजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेण्डर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारम्भ किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है।

### बैठक में इस बात पर हुई चर्चा

बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउण्ट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण व अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए।

### जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा से है वास्ता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### कहीं अखिलेश यादव को तो संदेश नहीं

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी कांग्रेस की तैयारी

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने इस बार एक नया राजनीतिक प्रयोग किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने पूर्वांचल क्षेत्र की संगठनात्मक इकाई को बिहार में चुनाव प्रचार और प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने पूर्वांचल के 20 जिलों की इकाइयों को बिहार के विभिन्न जिलों में गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने का निर्देश दिया है। कांग्रेस के इस फैसले को लेकर चर्चा गरमा गई है। इसे गठबंधन के सहयोगी के प्रति पार्टी की जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसका सीधा संदेश यूपी में गठबंधन सहयोगी सपा के अध्यक्ष अखिलेश को देने की कोशिश मानी जा रही है।कांग्रेस का यह फैसला संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं को राज्य की सीमाओं से बाहर राजनीतिक जिम्मेदारी सौंपने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### अजय राय ने की घोषणा

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी इस बार अपने संगठन को न केवल उत्तर प्रदेश में सशक्त बना रही है बल्कि पड़ोसी राज्यों के चुनावों में भी उसकी भूमिका को मजबूत करने की रणनीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन के प्रत्याशी मैदान में हैं और हम उत्तर प्रदेश की जिला इकाइयों को जिलेवार जिम्मेदारी देकर वहां भेज रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल प्रचार ही नहीं, बल्कि मैदान से वास्तविक फीडबैक जुटाना भी है, ताकि नेतृत्व को जमीनी स्थिति का सही आकलन मिल सके।

### प्रचार के साथ मैदान से फीडबैक जुटाना है

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी इस बार अपने संगठन को न केवल उत्तर प्रदेश में सशक्त बना रही है बल्कि पड़ोसी राज्यों के चुनावों में भी उसकी भूमिका को मजबूत करने की रणनीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन के प्रत्याशी मैदान में हैं और हम उत्तर प्रदेश की जिला इकाइयों को जिलेवार जिम्मेदारी देकर वहां भेज रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल प्रचार ही नहीं, बल्कि मैदान से वास्तविक फीडबैक जुटाना भी है, ताकि नेतृत्व को जमीनी स्थिति का सही आकलन मिल सके।

## पेज एक का शेष

### डीएसी ने दी 79 हजार करोड...

टॉरपीडो के रडार में होंगी दुश्मन की पनडुब्बियां : रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की नौसेना विज्ञान-प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेश में विकसित एएलडब्ल्यूटी का शामिल होना पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाने बनाने में सुविधा प्रदान करेगा। जिसके लिए ये टॉरपीडो पूरी तरह से सक्षम है। वहीं, 30 मिमी एनएसजी की खरीद से नौसेना और तटरक्षकबल की कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और समुद्री डकैती विरोधी भूमिकाओं को निभाने की क्षमता बढ़ेगी।

### नौसेना के लिए खरीदे...

अभियानों को अंजाम देने और शांति अभियानों, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में भी मदद करेगी।

### आसियान शिखर सम्मेलन...

और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर गर्मजोशी के साथ बातचीत हुई। मैंने उन्हें मलेशिया द्वारा की जाने वाली आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई देते हुए आगामी शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की आशा है'।

### किसी भी चुनौती का...

एडमिरल डी.के.त्रिपाठी के अलावा बल की विभिन्न कमांड के प्रमुख कमांडर भी भाग ले रहे हैं। नौसेनाप्रमुख और वायुसेनाप्रमुख ने भी सम्मेलन में नौसैन्य कमांडरों को संबोधित किया।

आईओआर में उपस्थिति ही काफी है : राजनाथ ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में नौसेना की उपस्थिति ही पर्याप्त है। जो एक ओर भारत के मित्र राष्ट्रों को तो निश्चिंत बनाती है। जबकि दूसरी ओर क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न करने की कोशिश करने वालों की नींद और चैन दोनों छीन लेती है। भारत की आत्मनिर्भरता, नवाचार और औद्योगिक विकास में देश की नौसेना का सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि बल के लिए वर्तमान समय में तकनीक और खुफिया जानकारी पर आधारित युद्ध लड़ने के लिए रणनीति बनाने के लिए समान रूप से जोर देने के अलावा स्टेट ऑफ द आर्ट हथियारों की खरीद किया जाना बेहद आवश्यक है।

300 से अधिक जहाजों को दी सुरक्षा : आईओआर पारंपरिक भू-राजनीति का केंद्र बन गया है। जो कभी निष्क्रिय नहीं रहा। ये प्रतिस्पर्धा और सहयोग के इलाके के रूप में उभरा है। अपनी बहुआयामी भूमिका के चलते नौसेना आईओआर में नेतृत्व प्रधान भूमिका का निर्वाह करने की क्षमता रखती है। राजनाथ ने कहा कि पिछले छह महीनों के दौरान हमारे जहाज, पनडुब्बियां और विमान क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से तैनात रहे हैं। इसके अलावा हमारी नौसेना ने आईओआर में 335 मालवाहक जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने में भी सहायता की है। जिन पर कुल करीब 5.6 बिलियन डॉलर व्यापार मूल्य वाला 1.2 मिलियन मीट्रिक टन माल लदा हुआ था। ये तमाम घटनाक्रम इस बात का प्रमाण देता है कि आईओआर में भारत वैश्विक समुद्री अर्थव्यवस्था के लिए लिए एक भरोसेमंद और सक्षम भागीदार है।

यूं बढ़ी नौसेना में आत्मनिर्भरता : उन्होंने कहा, एक आत्मनिर्भर नौसेना एक मजबूत और आत्मविश्वासी देश की नींव होती है। आत्मनिर्भर भारत के ध्वज तले बल में ये कवायद जोरशोर से जारी है। बीते एक दशक में नौसेना के लगभग 67 फीसदी पूंजीगत खरीद वाले समझौतों को भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर अमलीजामा पहनाया गया है। यह दिखाता है कि हम आयात पर ही निर्भर नहीं हैं। बल्कि हमारा भरोसा अपनी खुद की प्रतिभा और एमएसएमई, स्टार्टअप की क्षमता पर भी बना हुआ है।

### सीपीपी पर ध्यान ...

प्रोजेक्ट 17 ए के तहत हमने 75 फीसदी से अधिक स्वदेशी तत्व को प्राप्त किया है। इसी से हमें एमडीएल, जीआरएसई जैसे शिपयार्डों में 1.27 लाख रोजगार मिले हैं। बल ने हालिया समय में 315 करोड़ के समझौते एमएसएमई व छोटे शिपयार्ड के साथ किए हैं।

### हरित हाइड्रोजन मिशन...

हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का उद्देश्य एक हरित हाइड्रोजन इको-सिस्टम की स्थापना के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रदान करना और इस उभरते क्षेत्र के अवसरों और चुनौतियों के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया को उत्प्रेरित करना है। यह मिशन एक कार्बन-मुक्त अर्थव्यवस्था के साथ-साथ जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता को कम करने और भारत को हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और बाजार का नेतृत्व प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। भारतीय नागरिकों से, चाहे उनकी आयु कुछ भी हो, एनजीएचएम के लिए लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर 'भारत को हरित हाइड्रोजन और उसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाने' के मिशन के उद्देश्यों के साथ अपनी आकांक्षाओं को जोड़ने का आह्वान किया है। डिजाइन में मिशन का सार समाहित होना चाहिए, जो कि हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की हमारी आकांक्षा और इस क्षेत्र की उभरती प्रकृति, आत्मनिर्भरता, निवेश के अवसरों तथा इस्पात, परिवहन, उर्वरक, शिपिंग, पेट्रोकेमिकल सहित कई क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन की उपयोगिता को दर्शाता हो। प्रतिभागियों को लोगो केवल जेपीईजी या पीएनजी या पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना चाहिए। लोगो उच्च रिज़ॉल्यूशन में न्यूनतम 300 डीपीआई के साथ होना चाहिए। लोगो का आकार 15 सेमी x 20 सेमी होना चाहिए। प्रविष्टियों का मूल्यांकन एमएनआरई की आंतरिक समिति द्वारा रचनात्मकता, मौलिकता, संरचना, तकनीकी उत्कृष्टता, सरलता, कलात्मक योग्यता, दृश्य एनजीएचएम के प्रभाव और प्रासंगिकता पर चर्चा की जाएगी।

### ढोसी पहाड़ी पर शीघ्र...

बताया कि ढोसी हिल रोपवे परियोजना लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है, जिसके तहत इस क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित रोपवे की लंबाई लगभग 870 मीटर होगी। रोपवे के निर्माण से ढोसी पहाड़ी तक पहुंचना आसान होगा, जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। यह परियोजना न केवल ढोसी क्षेत्र बल्कि महेंद्रगढ़ के ऐतिहासिक स्मारकों के प्रति भी पर्यटकों की रुचि को बढ़ाएगी। बैठक में महेंद्रगढ़ किला, माधोगढ़ किला तथा बावली के पुनर्विकास पर भी चर्चा की गई। सुझाव दिया गया कि बावली को "रानी महल" के रूप में विकसित किया जाए ताकि वहाँ मेहंदी और सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन हो सके। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय रोजगार और पर्यटन विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने इस परियोजना को पीपीपी मॉडल (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत विकसित करने का सुझाव दिया । इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने पिंजौर और मोरनी के टिक्करताल में चल रहे पर्यटन परियोजनाओं की भी समीक्षा की और इन क्षेत्रों को और अधिक आकर्षक एवं सुन्दर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिंजौर गार्डन की सुंदरता के साथ-साथ वहाँ ठहराव की व्यवस्था तथा मोरनी की पहाड़ियों में रोपवे जैसी नई परियोजनाओं की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र जिले में निर्माणाधीन 'अनुभव केंद्र' की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए. के. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब तक की ...

पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक खरीदी। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के अनुसार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक चलने वाले फेस्टिव सीजन में गुड्स की बिक्री रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान करीब 65,000 करोड़ रुपए की सर्विसेज भी ग्राहकों की ओर से खरीदी गई हैं। कैट की रिसर्च विंग, कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के अनुसार, यह पिछले साल नवरात्रि से दीपावली की अवधि में हुई 4.25 लाख करोड़ रुपए की फेस्टिव सेल्स की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

**रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत:** सर्वेक्षण में बताया गया कि इसमें रिटेल की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत रही है। ऑफलाइन मार्केट में भी मांग अच्छी रही है। कन्फेक्शनरी, होम डेकोर, जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़े, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख उपभोक्ता और खुदरा श्रेणियों में जीएसटी दरों में कमी से मूल्य प्रतिस्पर्धा में काफी सुधार हुआ, जिससे खरीदारी में इजाफा हुआ है।

### अब अगले 6 ....

यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद : बड़कोट। विश्वप्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भी गुरुवार को विशेष पूजाओं व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोपहर 12:30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इससे पूर्व सुबह सवेरे मां यमुना के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से शनि समेश्वर देवता की डोली अपनी बहन को गाजे-बाजों के साथ धाम रवाना हुई थी, जहां शनि देव की डोली कपाटबंदी की विशेष पूजाओं में शामिल हुई और कपाटबंदी के बाद मां यमना की डोली अपने भाई शनि समेश्वर देवता की डोली के साथ शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना हो गई।

### ऑनलाइन कंटेंट पर...

होगा। 'वास्तविक जानकारी' केवल दो मामलों में मानी जाएगी- न्यायालय के आदेश से या सरकार/अधिकृत एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी की लिखित सूचना से। यह सूचना केवल ऐसा अधिकारी दे सकेगा जो संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष पद पर हो। अगर राज्य सरकार की ओर से जारी की जा रही है, तो वह अधिकारी डायरेक्टर या समकक्ष पद का होना चाहिए। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी ऐसी लिखित सूचनाओं की हर महीने समीक्षा की जाएगी। अगर यह सूचना पुलिस प्रशासन की ओर से दी जा रही है, तो अधिकारी का पद उप पुलिस महानिरीक्षक से नीचे नहीं होना चाहिए और उसे राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए अधिकृत किया गया होना चाहिए।

### टीईटी की अनिवार्यता पर आर या पार के मूड में शिक्षक

# 24 नवंबर को दिल्ली कूच जुटेंगे कई लाख अध्यापक

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

देश भर के शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद शिक्षकों का विरोध तेज हो रहा है। कई शिक्षक संगठनों के मोर्चे ने 24 नवंबर को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इसके लिए 25 अक्टूबर से देश भर के सभी जिलों में जनसंपर्क और बैठकों का सिलसिला शुरू होगा।

शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर होने वाले आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसमें देश भर के लाखों शिक्षक शामिल होंगे। दिवाली आदि त्यौहार के बाद शिक्षकों ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में 25 से 31 अक्टूबर तक पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर मोर्चे में शामिल सभी घटक संगठन शिक्षकों की बैठकें करेंगे।



अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल यादव ने बताया कि बैठक कर अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचने के लिए तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूलों में जनसंपर्क भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की दिल्ली जाने वालों की संख्या और तैयारी की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को 10 नवंबर तक सभी प्रदेशों द्वारा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है। टीईटी लागू होने से यूपी में लगभग 1,86,000 और देश भर में लगभग 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

### जमीनों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे

# दुकानदारों को अब दो डस्टबिन रखना जरूरी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने साफ कर दिया है कि शहर में अवैध कब्जों को हटाने का अभियान युद्धस्तर पर तेज किया जाएगा। रांची नगर निगम के सभागार में इनफोर्समेंट टीमों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में उक्त फैसले से संबंधित कई आदेश जारी किए गए। बैठक में साफ किया गया कि शहर में अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई बैठक में फील्ड स्तर पर उत्पन्न समस्याओं और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि शहर को जाममुक्त और अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान को तेज किया जाएगा। मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पटाखे फोड़ने को लेकर दो संप्रदायों में विवाद

# 25 लोगों ने घर में घुसकर पीटा 16 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दोनों ओर से जमकर मारपीट , दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे, ग्रामीणों ने कराया समझौता

एजेंसी ▸▸ बागपत

पटाखे छुड़ाने का विवाद इतना बढ़ा कि दो संप्रदाय के लोगों के बीच बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय के 25 से ज्यादा लोगों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया। इस दौरान दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष से छह और दूसरे पक्ष से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने 16 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गांव बदरखा में झगड़े की शुरुआत बुधवार की देर शाम उस समय हुई जब प्रमेंद्र की बेटी बुलबुल और आयुषी अपने घर के बाहर चबूतरे पर पटाखे छुड़ा रही थी। एक पटाखा घर के सामने मेहरद्दीन के घर में चला गया, जिसके बाद प्रमेंद्र और मेहरद्दीन के बीच झगड़ा हो गया और दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे, लेकिन गांव के लोगों ने दोनों के बीच समझौता करा दिया।

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

उधर, रात 11 बजे मेहरद्दीन ने अपने स्वजन और 25 से ज्यादा लोगों के साथ मिलकर प्रमेंद्र के घर लाठी-डंडों के साथ हमला बोल दिया। इस दौरान दोनों ओर से जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष से प्रमेंद्र व उसकी पत्नी अनीता, भाई होमगार्ड अरविंद, भाभी रवीता, पिता करण सिंह, माता जगवती छह घायल हो गई। जबकि मेहरद्दीन, उसका बेटा वसीम व यामीन, पौत्र शादीन और शबनम घायल हो गए।

पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रमेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने 16 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मेहरद्दीन, उसकी पत्नी शबीना, बेटा यामीन और शबनम को



गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि पटाखा छुड़ाने को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। एक पक्ष की तहरीर पर 16 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। चार आरोपित पकड़े गए हैं जबकि अन्य की तलाश जारी है।

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।



### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयरनमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल**, क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूम्बी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल वॉर्ड और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा


**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा



**ब**च्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स्ड एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक




**हा**ल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब:** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक:** गौहर रजा,
**मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** पेंगुइन, स्वदेश

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

## जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

**क**पड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है-प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'


आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे है एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

## खिल उठे चमेली के फूल



**ए**क थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *



## जीके क्विज-176

1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर:** 1.लास्ज्लो क्रास्ज्नाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




**उत्तर:** 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाईं क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाईं का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## दो दिन पूर्व हुआ था दोनों का विवाद, चाकू लगने से हुई थी मौत

# रील बनाने की बात पर पति ने की थी पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज

जिले के थाना राजपुर अंतर्गत पुलिस चौकी बरियों क्षेत्र के ग्राम अखोराखुर्द (जवाखाड़) में एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 22 अक्टूबर 2025 को ग्राम अखोराखुर्द निवासी हिरनराम पिता बंदे राम ने चौकी बरियों में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गाँव का कुंदन राम घबराते हुए उसके घर आया और बताया कि उसकी पत्नी किरन के सीने में चाकू लग गया है।

जब वह रामसाय के साथ मौके पर पहुँचा, तो किरन घर के अंदर जमीन पर बिछे बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी, उसके सीने में गहरा घाव था और खून फैला हुआ था।



### अकसर दोनों में होता था विवाद

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी कुंदन राम से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि उसकी पत्नी इंस्टाग्राम पर रील बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करती थी, जिससे दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी बात को लेकर 21 अक्टूबर की रात भी झगड़ा हुआ था, जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में घर की बिजली की तार काट दी थी। अगले दिन नवा खाई त्योहार मनाने के बाद जब वह घर लौटा, तो पत्नी ने बिजली की तार जोड़ने को कहा और फिर से विवाद शुरू हो गया। इस दौरान पत्नी सब्जी काटने वाला चाकू लेकर धमकाने लगी, तभी झगड़े में कुंदन ने पैर से धक्का मारा, जिससे चाकू किरन के सीने में जा धंसा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### घटनास्थल से चाकू बरामद

*घटना की सूचना पर बरियों पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण कर चाकू जब्त किया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 238/2025 धारा 103(1) भा.दं.सं. के तहत मामला दर्ज किया और 23 अक्टूबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।*

## खबर संक्षेप

### मानस भवन के पीछे बसे 27 परिवार होंगे पीएम आवास में शिफ्ट

**भोपाल।** शहर को स्लम फ्री करने के लिए झुग्गियों की छोटी बसाहटों को हटाने का काम शुरु कर दिया गया है। जिसके तहत पॉलेटेक्निक चौराहा स्थित मानस भवन के पीछे स्थित 27 झुग्गी परिवारों को सरकारी जमीन से हटाया जाना है। इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भौंरी, कलखेड़ा और मालीखेड़ी में मकान देने का आप्शन दिया गया है। शहर एसडीएम दीपक पांडे ने बताया कि शहरी क्षेत्र की सरकारी जमीन पर काबिज लोगों को पक्के मकान देकर शिफ्ट किया जा रहा है। जिसके तहत मानस भवन के पीछे सरकारी जमीन पर बसे 27 परिवारों को शिफ्ट किया जाना है। पटवारियों की टीम ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्री मकान दिए जा रहे हैं।

### अतिथि शिक्षकों के लंबित मानदेय देने के निर्देश

**भोपाल।** कुछ अतिथि शिक्षकों का जुलाई एवं अगस्त के कुछ दिनों का मानदेय ई-अटेंडेंस नहीं लग पाने कारण लंबित रह गया था। ई-अटेंडेंस का प्रारंभिक चरण होने के कारण कुछ अतिथि शिक्षकों को इसका पालन करने में दिक्कत हुई। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के निर्देश पर लंबित मानदेय का भुगतान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस संबंध में अतिथि शिक्षक की शाला में उपस्थिति पंजी के आधार पर उसकी एंट्री एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करने के लिए कहा गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गोवर्धन पूजन

# गो-शालाओं को गो-मंदिर के रूप में करेंगे विकसित: सीएम

- प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा मिलेगी अतिरिक्त राशि
- गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाज और सरकार के सहयोग से प्रदेश की गो-शालाओं को गो-मंदिर के रूप में विकसित किया जाएगा। गो-शालाओं में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन गो-शालाओं के विकास और उनके स्वावलंबन के लिए हर संभव मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर की ओर से स्थापित रेशम केन्द्र गोशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने कहा कि गाय का दूध अमृत है। उसमें सबसे अधिक पोषक तत्व होते हैं। गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और आनंदित पाता है। गो-माता दोहरा पोषण करती है। वह अपने बछड़े के पालन के साथ-साथ मानव जाति का भी पोषण करती हैं हर युग में हर आश्रम में गो-माता पाली जाती थी, जगह-जगह गो-पालन होता था। परम्परागत रूप से घरों में पहली रोटी गाय के लिए बनाई जाती है।



### बालिका महक को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किए गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने गोवर्धन पर्वत की साज-सज्जा कर आकर्षक स्वरूप देने वाली बालिका महक शर्मा को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उसे 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। साथ ही उन्होंने बालिका को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गो-शाला के अखाड़े का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गो-शाला में बने अखाड़े का अवलोकन किया। उन्होंने अखाड़े में कुश्ती देखी और पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखाड़ों से हमारे पहलवान कृष्ण और बलराम जैसे बनेंगे। आधुनिक दौर में मेट पर कुश्तियां भी हो रही हैं, इस अखाड़े में भी मेट की व्यवस्था की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गो-शालाओं के विकास के लिए जनप्रतिनिधि भी आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गो-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गो-माता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम अपने बच्चों का जन्मदिन केक काटने की बजाय गो-शालाओं की सेवा करके मनाएं। उन्होंने कहा कि गोबर और गोमूत्र से गो-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किए जाने की जरूरत है। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी संबोधित किया।



*कार्यक्रम स्थल पर निर्मित किए गए गोवर्धन पर्वत की सराहना की*

### गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने इस प्रकल्प की सराहना की। गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है।

## पुलिस कर रही मामले की जांच, नहीं मिला सुराग

# घर पर सो रहे बुजुर्ग दंपति की अज्ञात लोगों ने की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां सोते वक्त पति-पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह पूरा मामला दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हरता का है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कुम्हरता निवासी रीमा राम (52 वर्ष) और उसकी पत्नी उर्मिला (50 वर्ष) बीती रात घर की परछी में जमीन पर सोए हुए थे। दोनों की कोई संतान नहीं थी, जबकि उनके भाइयों के परिवार पास ही रहते हैं। मृतक रीमा राम खेती-किसानी करता था।

गुरुवार सुबह गांव का एक व्यक्ति उन्हें काम के सिलसिले में बुलाने पहुंचा, तो उसने देखा कि घर का दरवाजा बाहर से बंद है। उसने आस-पड़ोस में पूछताछ की, लेकिन किसी को कुछ पता नहीं था। जब उसने दरवाजा खोलकर अंदर झांका, तो सामने का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। जमीन पर बिछे बिस्तर पर पति-पत्नी के खून से लथपथ शव पड़े थे। दोनों के सिर से काफी मात्रा में खून बह चुका था।

### धारदार हथियार से किया गया हमला

*सूचना मिलते ही दरिमा थाना प्रभारी राजेश कुमार खलखो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं अंबिकापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट प्रभात भगत की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। शुरुआती जांच में पाया गया कि पति-पत्नी के सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। माना जा रहा है कि दोनों की सोते वक्त हत्या की गई, जिससे उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। ग्रामीणों और सरपंच धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक, मृतक दंपती का किसी से कोई विवाद नहीं था। वे शांत स्वभाव के और मिलनसार थे। परिवार में किसी प्रकार की दुश्मनी या झगड़े की जानकारी भी नहीं मिली है। फिलहाल दरिमा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के सभी एंगल से जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक कोई संदिग्ध या ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है।*

# 13 लाख का गांजा बरामद आरोपी मौके से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले में नशे के कारोबार पर लगातार नकेल कसते हुए पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब 13 लाख रुपए कीमत का 53 किलो गांजा जब्त किया है।

इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को थाना चिल्फी पुलिस को सूचना मिली कि एक टाटा ट्रक में भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वाहन को रोका और तलाशी ली। इस दौरान ट्रक के अंदर एक विशेष रूप से तैयार गुप्त चेंबर मिला, जिसमें 51 पैकेट गांजा छिपाकर रखा गया था। बरामद किए गए गांजे



का कुल वजन 53.012 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से आरोपी सोहेल खान पिता शौकत खान (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम हरनावदा, तहसील पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लेकर राजस्थान जा रहा था। ट्रक की कीमत करीब 15 लाख रुपए और मोबाइल फोन लगभग 10 हजार रुपए सहित कुल 28 लाख 10 हजार रुपए की जब्ती की गई है।

## मुख्यमंत्री ने मल्हारगंज में हुई घटना पर जताई संवेदना, दिलाया न्याय का भरोसा

**किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को इंदौर एयरपोर्ट पर मल्हारगंज थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना के मृतक अंकित राठौर के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने मृतक की पत्नी खुशबू राठौर को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

### गांधी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की नियुक्तियां निरस्त करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व डिप्टी रजिस्ट्रार की नियुक्तियां निरस्त कर दी गई थीं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त, मेडिकल कॉलेज के डीन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। एकलपीठ के आदेश के खिलाफ विदिशा निवासी रवींद्र कुशवाहा और महेंद्र सोनी ने अपील प्रस्तुत की है। अपीलार्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने दलील दी कि उनके मुवक्किलों के पास पूर्ण योग्यताएं हैं और वे पिछले 6 वर्षों से कार्यरत हैं।

# पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीखेंगे मार्शल आर्ट, कांग्रेस बोली-जरूरी है, भाजपा ने कसा तंज

- रामेश्वर ने साधा निशाना, नेता मंच पर लड़ते हैं, ऐसे में सेल्फ डिफेंस जरूरी है
- पीसी बोले - जहां किसी निर्बल को प्रताड़ित किया, बचाव करने में मदद मिलेगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग कार्यक्रम 2 नवंबर से शुरू हो रहा है। प्रदेश के सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष में जुटेंगे और कई प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस दौरान जिलाध्यक्षों को मार्शल आर्ट भी सिखाया जाएगा। जहां कांग्रेस इसे राजनीति के साथ-साथ इसे जरूरी कदम बताया है। वहीं भाजजपा ने कांग्रेस के इस कदम पर निशाना साधा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की 10 दिनों की ट्रेनिंग होगी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस का इतिहास और कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानियों ने किस तरह ये लड़ाई अंग्रेजों से कैसे लड़ी, इसे बताया जाएगा। वे जेल गए और अंग्रेजों से डरे नहीं। दस दिनों के ट्रेनिंग के दौरान उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत किया जाए।

उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट निश्चित तौर पर काम आएगा। जहां किसी निर्बल को प्रताड़ित किया जा रहा है, वहां उनके बचाव करने में मदद मिलेगी।

### शर्मा ने साधा निशाना, मंच पर तोड़ा-फोड़ी होगी

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तमाशे की आदी हो गई। कांग्रेस का मूल कुछ बचा नहीं है। मूल नहीं बचा तो व्यवहार भी नहीं बचा। अब वे उपदेशात्मक व्यवहार करने की कोशिश करती है। योग कांग्रेस करने वाली नहीं है। योग करेंगे तो भारतीय संस्कृति का ठप्पा लग जाएगा, विशेष वर्ग के लोग नाराज हो जाएंगे। किसके द्वार वोट मांगने जाएंगे। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट उनके लिए जरूरी है, क्योंकि उनके यहां वाक युद्ध चल रहा है। ये वाकयुद्ध से हाथयुद्ध तक आएगा। मंच पर तोड़ा-फोड़ी होगी। एक नेता दूसरे नेता को पटकेंगे, इसलिए बचाव के लिए मार्शल आर्ट जरूरी है।

### 10 दिनों तक चलेंगी ट्रेनिंग

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग 2 से 11 नवंबर तक पचमढ़ी में होगी। दस दिनों तक 71 जिला अध्यक्षों को पार्टी के दिशा-निर्देश, राजनीति के गुर और रणनीति समझाई जाएगी। अलग-अलग सेशन होंगे। एक सेशन में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। ट्रेनिंग कार्यक्रम में एक सेशन मार्शल आर्ट का रखा गया है।

## मेंटेनेंस और सुरक्षा को लेकर एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर

# पीएम गति शक्ति में दर्ज होंगे सड़क, पुल, गेस्ट हाउस, एक्सप्रेस-वे सहित आरओबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार की पीएम गति शक्ति में नई-पुरानी सड़कें, पुल, आरओबी, पीडब्ल्यूडी के भवन, गेस्ट हाउस, सड़क किनारे उपलब्ध सुविधा जैसे पेट्रोल पंप, विश्राम गृह, रेस्त्रा, टोल प्लाजा और एक्सप्रेस-वे भी दर्ज किए जाएंगे। इससे इन सभी के मेंटेनेंस और सुरक्षा को लेकर एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर जानकारी मिल सकेंगी। इससे मप्र को केंद्र सरकार से फंड ज्यादा मिलने की उम्मीद जागेगी।

पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने बताया कि पीएम गति शक्ति योजना में विभाग की पूरी



अचल संपत्ति दर्ज की जाएगी। इसी तरह सड़क सुरक्षा सेवा में रोड मार्किंग पुल-पुलियों की जानकारी, निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति, विभाग के भवन, पार्क, विश्रामगृह आदि परिसंपत्तियां प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे को भी इसमें शामिल किया जाएगा, ताकि एक क्लिक में डिटेल जानकारी कोई भी ले सके।

### एक क्लिक में डिटेल जानकारी ले सकेंगे

#### सुझाव देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी

बारिश कालीन अपडेट के लिए ओवरफ्लो के कारण अवरुद्ध मार्गों की जानकारी तथा पब्लिक को लोक निर्माण विभाग के लिए सुझाव देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इससे एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर पूरी जानकारी उपलब्ध हो सकेंगी।

#### रिकॉर्ड के रूप में रखे जाएंगे सभी के दस्तावेज

जिले में सभी दस्तावेज अब इसी रिकॉर्ड रूम में रखे जाएंगे और इनकी डिजिटल कॉपी भी रहेगी। साथ ही कहां-कितनी संपत्ति है, उसका पूरा हिसाब मुख्यालय पर रखा जाएगा। इसमें सभी संपत्ति शामिल की जाएगी, लेकिन विवादित और दूसरे विभागों को लीज पर या किसी सरकारी योजना के लिए दी गई जमीन पर विशेष फोकस रहेगा। इस रिकॉर्ड रूम को संधारित करने का जिम्मा एक असिस्टेंट इंजीनियर का रहेगा। नोडल ऑफिसर जोन के चीफ इंजीनियर रहेंगे।

# पोलियो नहीं बना रेखा की अड़चन, मेहनत कर लगाई लगन, फिर जीती व्हीलचेयर से जंग

## व्हीलचेयर मैराथन में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल पर जमा चुकी हैं कब्जा

**इंदौर।** अमेज़न इंडिया उन हज़ारों एम्प्लॉयीज़, एसोसिएट्स और पार्टनर्स की मेहनत का जश्न मना रहा है, जिनकी लगन देशभर में लाखों ग्राहकों और विक्रेताओं के लिए तेज़, भरोसेमंद और शानदार अनुभव संभव बनाती है। इनमें से एक हैं पुणे की कस्टमर सर्विस एसोसिएट, रेखा पडवाल, जिनकी महाराष्ट्र के एक छोटे शहर से अमेज़न में सफल करियर की यात्रा आत्मविश्वास और समावेशिता की मिसाल है। रेखा पांच वर्ष की उम्र में पोलियो से पीड़ित हो गईं और तब से ही व्हीलचेयर पर जीवनयापन कर रही हैं। भंडारा, महाराष्ट्र में पली-बढ़ीं रेखा ने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने पढ़ाई में मेहनत की और वाणिज्य में स्नातक की डिग्री हासिल की। रेखा कहती हैं, मेरे पिता हमेशा कहते थे कि हो सकता है कि लोग तुम्हें तरस भरी निगाहों से देख सकते हैं लेकिन तुम्हें अपने काम और उपलब्धियों से दिखाना होगा कि तुम क्या कर सकती हो। ये शब्द मेरे जीवन के हर कदम में मार्गदर्शक रहे हैं। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, रेखा ने सिलाई, ब्यूटी सर्विस और टेली-कॉलिंग में प्रशिक्षण लिया। शादी के बाद जब वे पुणे शिफ्ट हुईं, तो उन्हें पैराएथलीट्स की एक कम्युनिटी के बारे में जानकारी मिली।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट, हांसी में अक्षम व्यक्तियों के लिए सुगम्यता सुविधा का प्रावधान (सुगम्य भारत अभियान के तहत) (जीएसटी के बिना)। | 22.10.2025 28.10.2025 | 100.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में खांडा खेड़ी में राजीव गांधी खेल स्टेडियम की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 4 कार्य। | 22.10.2025 28.10.2025 | 80.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव धौज ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 22.10.2025 30.10.2025 | 265.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 4 | बागवानी विभाग, भुना (फतेहाबाद) | सीईजी, भुना (फतेहाबाद) में ऑटोमेशन यूनिट और माइक्रो इरीगेशन सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना के लिए ई-निविदा सूचना। | 17.10.2025 06.11.2025 | 75000/- | https://etenders.hry.nic.in | 98963899200 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/80/39664/I/88/7 दि. 23.10.25

## चिंतन

# एक बार फिर बेनकाब हो गया पाक की झूठ

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल ही में सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। इसके बाद पाकिस्तान ने बड़ी-बड़ी डींगें हांकते हुए ऐलान किया कि उसने टीटीपी की कमर तोड़ दी है। संघर्ष विराम से पहले ही टीटीपी की चूलें हिला दी गई थी। आपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने ऐसे ही दावे किए थे। अमेरिका के सामने युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने वाले पाक हुक्मरान युद्ध खत्म होते ही जीत के दावे करने लगे थे। आनन-फानन में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया ताकि आवाम को लगे कि पाक ने जीत दर्ज की है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जब भारत के हमलों के बाद हुए पाक सैन्य ठिकानों की तस्वीरें सामने आने लगी तो पाकिस्तानी नेताओं के झूठ की पोल खुल गई। ऐसा ही टीटीपी को लेकर भी हो रहा है। टीटीपी की कमर तोड़ने का दावा करने वाले पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस आतंकी संगठन ने अपना शिकंजा कस दिया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां प्रांत की राजधानी पेशावर में न सिर्फ टीटीपी के लोग खुलकर घूम रहे हैं बल्कि सड़कों पर चेकपोस्ट भी बना लिए हैं। पेशावर के पास से ऐसे कथित वीडियो सामने आए हैं, जिसमें टीटीपी लड़ाके सड़कों पर चौकियां बना रहे हैं। इससे पता चलता है कि इस इलाके में पाकिस्तान की सरकार और सेना का पूर्ण नियंत्रण नहीं है। पेशावर के आसपास के इलाकों में न पाकिस्तानी सेना है और न ही पुलिस। यहां टीटीपी के लड़ाके ही सब कंट्रोल कर रहे हैं। यहां पाक सरकार नकारा साबित हो चुकी है। टीटीपी तो क्या आम नागरिक भी सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका समर्थन भी टीटीपी के साथ नजर आ रहा है। असल में पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक इलाका पड़ता है। नाम है फेडरली एडमिनिस्ट्रेटेड ट्राइबल एरियाज़ जिससे पता चलता है यहां ट्राइबल ज्यादा रहते हैं। पश्तून कबीलों की संख्या यहां ज्यादा है। बाजौर, मोहम्मद, खैबर, ओरक़ज़ई, कुर्रम जैसे जिले यहां पड़ते हैं। अफगानिस्तान से यह इलाका सटा हुआ है। अब पाकिस्तान का हिस्सा है लेकिन 2018 के पहले ऐसा नहीं था। यह सेमी-ऑटोनोमस हुआ करता था। यानी पूरी तरह पाकिस्तान के कानून यहां नहीं चलते थे। कबीलाई राज था यहां। वे अपने कानूनों के मुताबिक़ फैसले लेते थे। यहीं से टीटीपी की शुरुआत हुई। यह इलाका अफगानिस्तान से सटा हुआ है। इसलिए वहां हुई किसी भी हलचल का असर यहां पड़ता है। अमेरिका के नेतृत्व में जब नाटो सेना अफगानिस्तान में घुसी तब, अफगान तालिबान, अलक़ायदा और दूसरे चरमपंथी संगठन वहां से भागे। ये सब बॉर्डर क्रॉस करके यहां घुसे थे। उस समय पाकिस्तान में परवेज मुशर्रफ की सरकार थी। अमेरिका ने मुशर्रफ पर दबाव बनाया, पैसे भी दिए तो मजबूरन मुशर्रफ को पाक सेना भेजनी पड़ी। इससे इन कबीलों में नाराज़गी हुई। वहां की जनता भी सरकार से नाराज़ हुई। चरमपंथी संगठनों ने इस नाराज़गी को हवा दी। उन्होंने आम लोगों को लड़ने के लिए उकसाया। जो उनके साथ नहीं आए, उन्हें रास्ते से हटा दिया गया। इसके बाद इन गुटों ने आपस में मिलकर पाक आर्मी के ख़िलाफ़ मिलकर लड़ना शुरू किया। अब ये संगठन इतना ताकतवर हो गया है कि पाकिस्तान आर्मी से मुकाबला करने लगा है। ये अपना कानून चला रहे हैं। कहने को तो पाक पुलिस भी वहां है, लेकिन केवल दिखावे मात्र के लिए। आदेश टीटीपी के ही चलते हैं। हालात ऐसे ही कि ये हिस्सा कभी भी पाक से अलग हो सकता है। दूसरे के लिए कुआं खोदने वाले का ऐसा ही अंजाम होता है।



## अनदेखी
ज्ञानेन्द्र रावत

# गर्व से कहो, प्रदूषण के बादशाह हैं हम

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ। जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई।**

अभी दो दिन ही बीते हैं दिवाली को कि दुनिया में हमारे देश की राजधानी दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में कीर्तिमान बनाकर यह साबित कर दिया है कि भले हमारी सर्वोच्च अदालत कुछ भी कहे, वह लाख निर्देश दे लेकिन हम नहीं सुधरेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को जहरीली हवा से बचाने के दावे पहले की तरह इस बार भी फिर फेल साबित हुए हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक में हमारी दिल्ली दुनियाभर में शीर्ष पर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। भला हो तेज हवाओं का जिन्होंने प्रदूषण को एक जगह ठहरने नहीं दिया वर्ना हालात और खराब होते। यह हालात तब रहे जबकि सुप्रीम कोर्ट ने ग्रीन पटाखों के चलाये जाने की अनुमति दी थी लेकिन ग्रीन पटाखों के नाम पर जो पटाखे बेचे गए और चलाये गए, उनसे यह प्रदूषण हुआ।

जाहिर है सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों-आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हुआ। उसी का नतीजा रहा कि इस बार पिछले पांच सालों के मुकाबले दिवाली पर पीएम 2.5 की मात्रा सबसे ज्यादा रिकार्ड की गई। यह हालात अकेले देश की राजधानी दिल्ली के ही नहीं रहे, कमोबेश पूरा देश इसका शिकार हुआ है। दुख तो इस बात का है कि जब वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात की जाती है तो इस पर खेद व्यक्त करने की जगह हमारे देश के भावी कर्णधार कहें या पुरोधा गर्व से यह कहते हैं कि- 'पटाखे तो ऐसे ही चलेंगे। पटाखे चलाने से कुत्ते डर जाते हैं। ऐसे लोगों के पेट में दर्द होता है। वायु प्रदूषण पर कुत्ते तो भौंकते ही रहते हैं, ऐसे लोगों को आगे देखेंगे, उनको सबक सिखाना पड़ेगा। ये कुत्ते तब नहीं बोलते, जब ईद पर लाखों बकरे कुरबानी के नाम पर मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। तब प्रकृति प्रेमी नहीं बोलते। जज साहब ने आज तक ज्ञान नहीं दिया कि कितने बकरे काटे जाने चाहिए। बकरों का काटा जाना और दावतें उड़ाना इनके लिए आनंद का विषय है। इन्हें दीपावली पर वायु प्रदूषण और होली पर जल प्रदूषण दिखाई देता है।' दरअसल यहां इस प्रकरण का हवाला देने का एकमात्र मकसद यह था कि ऐसा अलवर में एक प्रकृति प्रेमी द्वारा वायु गुणवत्ता सूचकांक के सीमा से अधिक बढ़ने पर खेद जताने पर उसे देश के पुरोधाओं द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सम्मानजनक टिप्पणी और देख लेने की धमकियां तक दी गई। कहने का आशय मात्र यह है कि वायु प्रदूषण पर दुख व्यक्त करने पर लोगों की इस तरह की सोच है, उस हालत में वायु प्रदूषण से मुक्ति की आशा कैसे संभव है। ऐसे लोगों को न जनता के स्वास्थ्य की चिंता है,न पर्यावरण की और न देश की सुप्रीम कोर्ट की। ऐसे लोगों से देशहित की आशा करना ही बेमानी है। दरअसल ग्रीन पटाखों से वायु प्रदूषण कम करने का दावा तो फुस्स हो ही चुका है क्योकि यदि ग्रीन पटाखे चले होते तो प्रदूषण 50 फीसदी तक कम होता लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। स्थिति यह रही कि प्रतिबंधित पटाखे न केवल खूब बिके बल्कि खुलेआम चले भी और जिस पुलिस पर इनके रोकथाम की जिम्मेवारी थी, वह ऐसा होते देखती रही या यूं कहें कि उसने कमाई के चक्कर में अपनी आंखें मूंद लीं। नतीजतन पटाखे 40 फीसदी ज्यादा बिके और दिल्लीवासी जहरीली हवा में सांस लेने को विवश हुए। हालात गवाह हैं कि दिल्ली में इस बार पिछले सालो के मुकाबले प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। सीएसआईआर भी इसकी पुष्टि करता है। यह पटाखों की गुणवत्ता तय मानक के अनुरूप रहे, इस पर अंकुश पर निर्भर करता है। ऐसी स्थिति में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अमिताभ कांत का आशावाद बिल्कुल बेमानी है कि जब लास ऐंजिलिस,बीजिंग और लंदन प्रदूषण कम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं। उनका यह कहना कि दिल्ली की हवा बेहद खराब है। 38 में से 36 निगरानी केन्द्र रेड जोन में हैं और दिल्ली के प्रमुख इलाकों में एक्यूआई 400 के पार है। सुप्रीम कोर्ट ने समझदारी दिखाते हुए पटाखे जलाने के अधिकार को जीने और सांस लेने के अधिकार से ऊपर रखा है। इससे बचने के लिए और लगातार इस दिशा में काम करने और सख्ती से पहल करने की जरूरत है। इसके लिए एकीकृत कार्य योजना बेहद जरूरी है। उनकी राय है कि फसल और बायोमास जलाना बंद करना चाहिए। थर्मल पावर प्लांट और ईंट भट्टों को बंद करना चाहिए या फिर उनको क्लीन टेक से माडर्न बनाना चाहिए। 2030 तक सभी ट्रांसपोर्ट को इलेक्ट्रिक में बदलना,कंस्ट्रक्शन की धूल पर सख्ती बरतना,कचरे को पूरी तरह अलग करना और प्रोसेसिंग को जरूरी बनाना होगा। दिल्ली को ग्रीन, पैदल चलने लायक बनाना होगा। ट्रांजिट पर फोकस करने के हिसाब से कार्ययोजना बनाकर फिर से डिजाइन करनी होगी। तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी की मानें तो देश के 200 से ज्यादा शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा है। इनमें नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ जैसे शहर सर्वाधिक प्रभावित रहे। प्रदूषण बढ़ने से अस्पतालों में आंखों में जलन, गले में खराश,गले में दर्द की समस्या,सांस लेने में परेशानी,ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का तांता लगा रहा। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ा है। पीएम 10 व पीएम 2.5 के कण फेफड़े में प्रवेश करने से सूजन बढ़ने के मरीज बढ़े। पीएम 2.5 बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज का खतरा बढ़



जाता है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने तथा सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदूषण से 8 से 18 फीसदी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है और कभी-कभार जानलेवा भी साबित हो जाता है। यह सब ग्रीन पटाखों की अनदेखी का परिणाम है। जबकि ग्रीन पटाखों से पीएम कण 30 फीसदी व हानिकारक गैसें दस फीसदी कम उत्सर्जित होती हैं। ऐसी स्थिति में घर के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, पुराने रोगी और बच्चे घर में ही रहें। पर्याप्त पानी पियें। खानपान में कोल्डड्रिंक, ठंडी,खट्टी चीजों का परहेज करें। आवश्यक हो तो मास्क पहनकर बाहर जायें। गले में खराश होने पर गरारे करें और नाक जाम होने पर सुबह शाम भाप लें। पौष्टिक आहार लें व आंवले का सेवन करें। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। आने वाले समय में पराली हमारे जीवन की प्रत्याशा पर ग्रहण लगाने वाली है। इसीलिए यह याद रखें कि सतर्कता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और बचाव की प्रमुख विधि है। इसमें दो राय नहीं।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत
डॉ. मोनिका शर्मा



# जापान की पहली महिला पीएम सकारात्मक बदलाव की आशा

दुनियाभर में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच पहली बार जापान की सत्ता की कमान एक महिला प्रधानमंत्री को मिली है। ध्यातव्य है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख 64 वर्षीय साने ताकाइची जापान की प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेने जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर चल रही गठबंधन की राजनीति के इस दौर में एक नए सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन के बाद जापान में कुछ समय से चल रहा राजनीतिक संकट समाप्त हुआ है। माना जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखने वाला होगा। हालांकि जापान के लिए उनका सत्तासीन होना एक ऐतिहासिक घटना है। जापान को 104वीं प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास में पहली बार एक महिला प्रधानमंत्री मिली हैं। असल में लंबे समय जापान के सियासी पटल पर सक्रिय रहीं साने ताकाइची आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों में कार्य कर चुकी हैं। वे जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। हालिया चुनावों में उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने और गठबंधन टूटने के कारण वहां नई सरकार को लेकर एक अनिश्चितता बन गई थी। ऐसे में ताकाइची ने मजबूत नेतृत्व और शासकीय स्थिरता का भरोसा देते हुए प्रधानमंत्री का पद हासिल किया है। ज्ञात हो कि चार महीने पहले लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की करारी हार के बाद से ही वहां राजनीतिक शून्यता और उलझाऊ स्थितियां बनी हुई थीं। निस्संदेह, एक महिला प्रधानमंत्री के रूप में वे जापान को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। देश के एक आम परिवार से आने वाली ताकाइची के परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। जापान के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शिष्या रहीं ताकाइची 10 बार सांसद चुनी गईं हैं। यही वजह है कि साने ताकाइची ने आर्थिक मोर्चे पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एबेनोमिक्स नीति को बल देने की बात भी कही है। इस नीति के अंतर्गत वे कर-कटौती और सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर विकास को गति देने वाला दृष्टिकोण रखती हैं। जापान जैसे विकसित देश में एक महिला का प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना ऐसे कई मोर्चों पर बदलाव लाने वाला माना जा रहा है। ज्ञात हो कि ताकाइची राजनीतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मसलों पर स्पष्ट और मजबूत राय रखती आई हैं। विशेषकर जापान की सुरक्षा-नीति को सशक्त बनाने की हिमायती रही हैं। उनके विचारों को आमजन का समर्थन भी मिलता रहा है। जापान में ताकाइची को आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

जापान की राजधानी टोक्यो की सड़कों पर उतरे नागरिकों ने ताकाइची प्रधानमंत्री बनने का स्वागत किया। वहां की स्त्रियों ने इसे नए युग की शुरुआत बताया है। जापान के राजनीतिक परिदृश्य में ताकाइची की पहचान एक दक्षिणपंथी नेता के रूप में बनी हुई है। वे राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर ही नहीं सामाजिक-पारिवारिक विषयों पर भी पारंपरिक विचार रखती है। समान-लिंग विवाह और विवाहित दंपतियों के अलग-अलग उपनाम रखने जैसे मुद्दों का विरोध करती हैं। आप्रवासन पर कड़ा रुख रखने वाली ताकाइची ने यह भी कहा है कि नियम तोड़ने वाले आगंतुकों और अप्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विचारणीय है कि जापान में हुए सत्ता परिवर्तन से भारत पर भी असर पड़ेगा। भारत और जापान लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी, सशक्त आर्थिक सहयोग और सामाजिक-सांस्कृतिक विनिमय के धरातल पर जुड़े हुए हैं। जापान की कई बड़ी कम्पनियों की उत्पादन इकाइयां भारत में स्थापित हैं। दोनों देशों के बीच पुख्ता आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक संबंध हैं ।

इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग का भी मजबूत गठजोड़ है। बौद्ध धर्म के माध्यम से देखा जाए तो भारत और जापान के सभ्यतागत संबंध बरसों पुराने हैं। आपसी सामंजस्य और जुड़ाव के ये सभी पक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सत्ता संभालने वाली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बधाई देते हुए दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की इच्छा जताई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जापान यात्रा के दौरान टोक्यो में 15वें भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करते हुए कहा भी था कि 'भारत की विकास यात्रा में जापान एक अहम भागीदार है।' ऐसे में साने ताकाइची का सत्ता संभालना भारत और जापान केलिए बहुत से मोर्चों पर मजबूत साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। तकनीक, व्यवसाय, सुरक्षा और संस्कृति हर स्तर पर यह जुड़ाव और बेहतर होने की आशा है ।

*( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


# ज्ञान के सच्चे अधिकारी जनक



संकलित
## दर्शन

याज्ञवल्क्य ब्रह्मज्ञानी थे। उनके ज्ञान की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। बड़े-बड़े राजा और संत-महात्मा उपदेश ग्रहण करने के लिए उनके पास आया करते थे। वे बिना किसी भेदभाव के सबको उपदेश देते थे। महाराज जनक भी उनका उपदेश सुनने के लिए उनके आश्रम में आते थे। जनक के प्रति याज्ञवल्क्य के अधिक झुकाव को देखकर ऋषियों-मुनियों के मन में विकार पैदा हो गया। वे मन-ही-मन सोचने लगे, 'याज्ञवल्क्य महान ज्ञानी हैं। वेदों-उपनिषदों पर उपदेश देते हैं, फिर भी छोटे-बड़े का भेद करते हैं। जब तक जनक नहीं आ जाते, वे उपदेश आरंभ नहीं करते। वे जनक का आदर भी हम सबसे अधिक करते हैं। याज्ञवल्क्य को जब ऋषि-मुनियों के मन की बात मालूम हुई, तो उन्होंने उनके भ्रम को दूर करने का निश्चय किया। उस भ्रम को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी योग शक्ति से एक नाटक रचा। उपदेश सभा में ऋषि-मुनि बैठे थे। जनक भी अपने आसन पर विराजमान थे। सहसा कुछ लोग दौड़ते हुए आए और ऋषियों-मुनियों को पुकारकर बोले, 'ऋषियों-मुनियों, तुम्हारी कुटियों में आग लगी हुई है। तुम्हारा सारा सामान आग में जल रहा है। आग लगने की खबर सुनते ही समस्त ऋषि-मुनि उपदेश सुनना छोड़कर भाग खड़े हुए। वे सब दौड़कर अपनी कुटियों में गए, लेकिन वहां कुछ नहीं था, क्योंकि वह तो याज्ञवल्क्य की योग-शक्ति का नाटक था। ऋषि-मुनि पुनः उपदेश सभा में आकर बैठे और उपदेश सुनने लगे। उधर जनक के राजभवन से भी दौड़ता हुआ एक दूत पहुंचा और उसने जनक को पुकारकर कहा, महाराज, राजभवन में आग लगी हुई है। पर जनक अविचलित भाव से उपदेश सुनते रहे।

# हर मुद्रा एक अलग भाव



संकलित
## प्रेरणा

यदि आत्मा तक पहुंचना है, सूक्ष्म तत्व तक पहुंचना है, अस्तित्व तक पहुंचना है, तो इसी यात्रा पथ पर चलना होगा। इसी क्रम से चलना होगा। आप यह मान लें कि उस परम सत्ता को, परम अस्तित्व को, चैतन्य को, जो अमूर्त है, सूक्ष्म है, हमारे चर्म-चक्षुओं का विषय नहीं है, उसे हम देख लें- यह कहना और ऐसा समझना बहुत बड़ी भ्रांति होगी। इसका पहला अर्थ है- मन के द्वारा श्वास के स्पंदनों को देखें। इसका दूसरा अर्थ है-मन के द्वारा शरीर के प्रकंपनों को, संवेदनों को देखें। इसका तीसरा अर्थ है- विचारों को देखें। इस स्थिति तक पहुंच जाने पर आभामंडल स्पष्ट हो जाता है। अंतर्मन की इस यात्रा से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। जब हम आसक्ति से मुक्त होते हैं, तब जीवन सुखमय होता है। श्वास का स्पर्श किए बिना, श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते। आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते और प्राण को देखे बिना उस चैतन्य तक नहीं पहुंच सकते, जहां हमें पहुंचना है। यह पूरा-का-पूरा यात्रा पथ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़कों पर गिर रहे वाहन चालक

रायपुर से पुराना धमतरी के लिए नई सड़क का निर्माण किया गया है। कुछ साल में ही सड़क खराब हो गई है। सड़क का डामर पिछलकर कहीं अप, कही डाउन हो गया। ऐसे में सेजबहार से लेकर बोरिया तक वाहन चलाने वालों को काफी दिक्क्तें हो रही हैं। दुपहिया सवार आए दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। सड़क और विभाग सड़क बनाकर भूल गया। इस रोड पर कई शिक्षण संस्थान भी है। ऐसे में रहवासियों के अलावा छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

*- शाहीन बेगम, रायपुर*

## करंट अफेयर

### मौजूदा समय में शांति अभियान जटिलताओं का सामना कर रहे



एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बहुआयामी और सीमाहीन होते जा रहे हैं और आजकल संघर्षों में संयुक्त रूप से देशों की सेनाएं, मिलिशिया और आतंकवादी समूह शामिल होते हैं, जिससे शांति अभियान अभूतपूर्व स्तर पर जटिल हो जाते हैं। नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस बात पर मंथन करने की जरूरत है कि शांति स्थापना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को आधुनिक वास्तविकताओं के अनुरूप कैसे ढाला जाए। उन्होंने कहा, हम वैश्विक भू-राजनीति में एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की व्यवस्था, जो सामूहिक उत्तरदायित्व, साझा मानदंडों और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी, अब अत्यधिक दबाव में है। सीआईएससी ने रेखांकित किया कि दुनिया का लगभग एक-चौथाई हिस्सा संघर्ष प्रभावित है और आज दुनिया भर में 61 संघर्ष चल रहे हैं, जो 1946 के बाद से सबसे अधिक संख्या है। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र और अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति के सहयोग से 23 और 24 अक्टूबर को 'संघर्षरत विश्व में शांति स्थापना और मानवीय अनिवार्यता को आगे बढ़ाना' विषय पर 'यूएसआई संयुक्त राष्ट्र वार्षिक फोरम' का आयोजन किया जा रहा है।

## ऑफ बीट

### भारतीय कंपनियों का राजस्व तिमाही में मामूली बढ़ा



भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह बात कही गई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान परिचालन लाभ मुनाफे में सालाना आधार पर 0 .60 प्रतिशत तक की कमी आई है। एजेंसी ने कहा, बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जुलाई-सितंबर तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के लिए एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि दर्ज करने वाली इन क्षेत्रों की कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। इसमें कहा गया कि क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी। लाभप्रदता के दृष्टिकोण से इसमें कहा गया कि मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम क्षेत्रों में कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का पूरा भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 0 .50-1 प्रतिशत कम होने का अनुमान है।

## ट्रेंड

### आवासीय परिसर



गांधीनगर में विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस आवासीय परिसर में गुजरात विधानसभा के सदस्य एक ही परिसर में रह सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधियों और लोगों के बीच संवाद और भी सुगम होगा।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### अमृत रेलवे स्टेशन



10 वर्षों में रेलवे में एनडीए सरकार ने दस गुना ज़्यादा बजट दिया है। 20 वंदे भारत ट्रेन और 26 अमृत भारत ट्रेन बिहार से गुजरती हैं। 98 नए अमृत रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह चमचमा रहे हैं।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### तैयारियों का जायजा



छठ महापर्व के पूर्व झुमरी छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो, इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### चिटनिस के निधन से दुःख



दूरदर्शी वैज्ञानिक और संस्थान निर्माता प्रो. ई.वी. चिटनिस के निधन से अत्यंत दुःख हुआ, जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान ने वैज्ञानिक नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






# बिहार चुनावः महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम, मुकेश साहनी को डिप्टी सीएम फेस घोषित किया, प्रभारी अल्लावरू से यूथ कांग्रेस का प्रभार छीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होने के बीच आज महागठबंधन ने बड़ा ऐलान करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है। साथ ही, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश साहनी को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब विपक्षी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर खींचातानी मची हुई थी। साथी दलों के साथ ठीक से सामंजस्य न बिठा सकने, सीटों का बंटवारा और कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन में तमाम सवाल कांग्रेस के भीतर से उठनेके बाद शीर्ष नेतृत्व ने प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को यूथ कांग्रेस के प्रभारी पद से विदा कर दिया है।

माना जा रहा है चुनाव के बाद बिहार प्रभारी पद से भी उन्हें चलता दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि अभी राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपरोक्ष रूप से प्रभारी के रूप में काम करने की हिदायत आलाकमान ने दिया है। कांग्रेस पार्टी में भी हलचल मची हुई है, जहां यूथ कांग्रेस के चीफ कृष्णा अल्लावरू को उनके पद से हटा दिया गया है और उनकी जगह मनीष शर्मा को नया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। ये दोनों घटनाएं राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं, खासकर इसलिए क्योंकि अल्लावरू बिहार कांग्रेस के इंचार्ज भी हैं और चुनाव के मद्देनजर यह बदलाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## महागठबंधन का बड़ा दांवः तेजस्वी और सहनी की जोड़ी से एनडीए को चुनौती

बिहार में महागठबंधन, जिसमें आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी और अन्य दल शामिल हैं, ने लंबे समय से चली आ रही अटकलों पर विराम लगाते हुए आज पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। तेजस्वी, जो पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं, को युवा चेहरे के रूप में पेश किया जा रहा है। गठबंधन के नेताओं ने कहा कि तेजस्वी की लोकप्रियता और पिछले चुनावों में उनके प्रदर्शन को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। आरजेडी नेता ने हाल ही में रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर जोर देकर युवा वोटरों को आकर्षित करने की कोशिश की है।

इसके साथ ही, मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री फेस बनाया जाना एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। सुबाई सियासत में सहनी 'मल्लाह का बेटा' के नाम से मशहूर हैं, निषाद, साहनी और मल्लाह समुदायों में मजबूत पकड़ रखते हैं, जो बिहार की आबादी का करीब 9 प्रतिशत हिस्सा हैं।



वीआईपी प्रमुख साहनी पहले बॉलीवुड में सेट डिजाइनर के रूप में काम कर चुके हैं और फिल्म 'देवदास' में शाहरुख खान के साथ जुड़े रहे हैं। गठबंधन सूत्रों के मुताबिक, साहनी की घोषणा से पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को साधने की कोशिश की गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हस्तक्षेप से साहनी को गठबंधन में बनाए रखा गया, जब सीट बंटवारे पर विवाद हुआ था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, तेजस्वी यादव एक युवा और विजनरी नेता हैं। यह घोषणा महागठबंधन की एकजुटता का प्रतीक है। वहीं, भाजपा ने इस ऐलान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महागठबंधन का प्रेस कॉन्फ्रेंस पोस्टर सिर्फ तेजस्वी की तस्वीर से भरा था, जो गठबंधन में आंतरिक कलह को दर्शाता है। एनडीए ने पूछा, आपका चेहरा कौन है? लेकिन महागठबंधन ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में कदम है, जिसमें एससी और मुस्लिम समुदाय से भी उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं।

चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि यह घोषणा एनडीए को कड़ी चुनौती दे सकती है, खासकर इसलिए क्योंकि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए में अभी चेहरे की स्पष्टता नहीं है। बिहार चुनाव नवंबर में होने वाले हैं, और सीट बंटवारे पर अभी भी कुछ 'फ्रेंडली फाइट' की संभावना बनी हुई है, लेकिन गठबंधन ने दावा किया कि सभी फैसले जीत के लिए लिए गए हैं।

### यूथ कांग्रेस में उथल-पुथल कृष्णा अल्लावरू की छुट्टी मनीष शर्मा नए इंचार्ज

इसी बीच, कांग्रेस पार्टी ने यूथ कांग्रेस में बड़ा बदलाव किया है। कृष्णा अल्लावरू को यूथ कांग्रेस के इंचार्ज पद से हटा दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी घोषणा की और उनकी जगह पार्टी नेता मनीष शर्मा को नया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। अल्लावरू, जो बिहार कांग्रेस के इंचार्ज भी हैं, को इस पद से हटाए जाने के पीछे पार्टी के आंतरिक मतभेद बताए जा रहे हैं। हालांकि, वे फिलहाल बिहार कांग्रेस इंचार्ज के रूप में बने रहेंगे। अल्लावरू का नाम हाल ही में विवादों में आया था, जब बिहार कांग्रेस के कुछ नेताओं ने उन्हें आरएसएस का एजेंट बताते हुए हटाने की मांग की थी। वरिष्ठ नेता आनंद माधब ने आरोप लगाया कि अल्लावरू ने पार्टी में गड़बड़ी की है। अल्लावरू, जो पहले केपीएमजी और शादी डॉट कॉम जैसी कंपनियों में काम कर चुके हैं, को युवा कांग्रेस में सक्रिय भूमिका के लिए जाना जाता है। वे तमिलनाडु यूथ कांग्रेस के इंचार्ज भी रह चुके हैं और हाल ही में एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा था कि श्एनडीए के पास न विजन है न चेहरा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव चुनाव से पहले यूथ विंग को मजबूत करने का प्रयास है। हालांकि, बिहार चुनाव के संदर्भ में अल्लावरू का बिहार इंचार्ज बने रहना महत्वपूर्ण है, जहां कांग्रेस महागठबंधन का हिस्सा है। पार्टी में हाल ही में केरल यूथ कांग्रेस चीफ राहुल मामकूटाथिल के इस्तीफे जैसे मामले भी सामने आए हैं, जो आंतरिक कलह को दर्शाते हैं।

### अनिल सहनी के अस्त्र से भाजपा को घेरेगी कांग्रेस

# सीबीआई कोर्ट से कनविक्टेड नेता को किया भाजपा में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जदयू के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल कुमार साहनी को एलटीसी (लीव ट्रैवल कंसेशन) घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद विशेष सीबीआई अदालत ने वर्ष 2022 में 3 साल की सजा सुनाई है। उसी अनिल सहनी को बिहार के चुनावी मौसम में भाजपा में शामिल करने के बाद कांग्रेस नए सिरे से राजग गठबंधन और भाजपा पर राजनीतिक हमला करने की तैयारी में है।

भाजपा चुनाव प्रभारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें पटना में भाजपा की सदस्यता दी। जाहिर है महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी की काट के रूप में राजग गठबंधन अनिल सहनी का



उपयोग करेगा। कांग्रेस के रणनीतिकारों में से एक वरिष्ठ नेता ने हरिभूमि से खुलासा किया कि भाजपा को ये दांव उल्टा पड़ेगा। उनसे चुनावी सभाओं में पूछा जाएगा कि जिस नेता को सीबीआई कोर्ट ने अभियुक्त तय कर दिया। तीन साल की सजा मुक़र्रर कर दी उनकी क्या भाजपा 'वाशिंग मशीन ' में धुलाई हो गई। ये बात अलग है कि सीबीआई कोर्ट के आदेश के ख़िलाफ़ अनिल सहनी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

यह मामला वर्ष 2012–13 का है, जब राज्यसभा सांसद अनिल सहनी पर आरोप लगा था कि उन्होंने फर्जी हवाई टिकट और बिल के माध्यम से राज्यसभा सचिवालय से करीब 23 लाख रुपए का यात्रा भत्ता (एलटीसी क्लेम) लिया था। सीबीआई जांच में यह फर्जीवाड़ा साबित हुआ। सीबीआई अदालत ने उन्हें धोखाधड़ी, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाया। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। जदयू ने अनिल सहनी पर सजा तय होने के बाद उनसे दूरी बना ली थी। यह मामला संसद में एलटीसी घोटालों के कई मामलों में से एक है, जिसमें कुछ और अधिकारियों व सांसदों के नाम भी सामने आए थे।

### क्या कहते हैं कानूनी जानकार

- सीबीआई कोर्ट ने 2022 में अनिल साहनी को तीन साल की सजा सुनाई थी।
- उन्होंने इस फैसले के खिलाफ उच्च अदालत (दिल्ली हाईकोर्ट) में अपील दायर की।
- जब तक अपील लंबित रहती है और उच्च अदालत से सजा पर स्थगन या जमानत मिल सकती है।
- तब तक आरोपी को कानूनी रूप से दोषी नहीं माना जाता और वह चुनाव लड़ने या पार्टी में शामिल होने से प्रतिबंधित नहीं होता।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत किसी व्यक्ति की सदस्यता या चुनाव लड़ने की योग्यता तब खत्म होती है।
- जब उसकी सजा दो वर्ष से अधिक हो और अपील की कोई प्रक्रिया लंबित न हो (या स्थगन न हो)।

## खबर संक्षेप

### सपा नेता शमशुद्दीन बसपा से बर्खास्त


**लखनऊ।** बसपा ने गुटबाजी व अनुशासनहीनता के आरोप में शमशुद्दीन राईन को पार्टी से



बर्खास्त कर दिया गया है। वे लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी थे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी कर दिया गया है। उन्हें इस संबंध में चेतावनी भी दी गई लेकिन उन्होंने कार्यशैली में सुधार नहीं किया।

### कई राज्यों में तेज़ आंधी बारिश की संभावना

**चेन्नई।** यहां स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी के



दक्षिण-पश्चिम में बना गहरा दबाव का क्षेत्र तीव्र हो गया है। इसके साथ ही अगले 24 घंटों में इसके तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढ़ने की आशंका है। कुछ क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है।

### जयपुर से मधुबनी जा रही बस पलटी, 24 घायल

**कुशीनगर।** उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में जयपुर से मधुबनी जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



24 से अधिक यात्री घायल हो गए। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। बस में सवार ज्यादातर यात्री मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, चनपटिया और आसपास के क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

### तमिल संगीतकार ने 68 साल में ली अंतिम सांस

**चेन्नई।** संगीतकार एमसी सबेश के निधन की खबर है। गुरुवार दोपहर उनका निधन हुआ। सबेश ने



संगीतकार और गायक के तौर पर तमिल सिनेमा को यादगार गीत दिए। वह संगीतकार मुरली की साथ जोड़ी बनाकर फिल्मों संगीत दिया करते थे। दोनों ने मिलकर तमिल सिनेमा को समृद्ध करने में बहुत अधिक योगदान दिया है।

### आलंद विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा

# एक वोट हटवाने की कीमत 80 रुपए 6 संदिग्धों पर कस दिया शिकंजा

## एसआईटी की जांच में आया सामने

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। अब एजेंसी ने इन पर कार्रवाई शुरू कर दी है

एजेंसी ▶▶ कालाबुरगी

कर्नाटक के कालाबुरगी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र में हुए 'वोट चोरी' कांड की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने पाया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से वोट डिलीट करने की साजिश रची गई थी। जांच में सामने आया कि प्रत्येक हटाए गए वोट के लिए संदिग्धों को 80 रुपए का भुगतान किया गया था। अब एसआईटी ने इस घोटाले में छह लोगों को मुख्य संदिग्ध मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के शीर्ष सूत्रों के अनुसार आलंद क्षेत्र में करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए आवेदन दिए गए थे। इनमें से ज्यादातर फर्जी थे। यह क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और यहां से कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल चुने गए हैं।

### करीब 6,994 वोट डिलीट करने के लिए दिए गए थे आवेदन

**2023** के विधानसभा चुनाव में अनियमितता

यह क्षेत्र मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है



### पाटिल ने किया था पर्दाफाश



पाटिल और मंत्री प्रियांक खरगे ने इस साजिश का खुलासा किया था और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इसकी जानकारी दी थी। पाटिल के मुताबिक, डिलीट करने के लिए जो वोट चुने गए थे, वे अधिकतर दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े कांग्रेस समर्थक थे।

### कांग्रेस की चेतावनी और एसआईटी की कार्रवाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई हफ्ते पहले नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस



'वोट चोरी' कांड को गंभीर चुनावी अपराध बताते हुए चेतावनी दी थी। राहुल गांधी ने आलंद के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता सूची से जानबूझकर वोट हटाने की कोशिशें लोकतंत्र के साथ धोखा हैं।

### इसके बाद बनी एसआईटी

इसी के बाद कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसकी जिम्मेदारी सीआईडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बीके सिंह को सौंपी गई। एसआईटी ने अब तक करीब 30 लोगों से पूछताछ की है, जिनमें से पांच से छह लोगों को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया है।

### छापेमारी और सबूतों की बरामदगी

एसआईटी ने संदिग्धों से जुड़े डेटा सेंटरों पर छापेमारी की, जहां वोट डिलीट करने के लिए 'वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। जांच एजेंसी ने भाजपा नेता सुबाष गुट्टेदार, उनके बेटों हर्षानंद और संतोष गुट्टेदार तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर भी छापे मारे। इस दौरान एसआईटी को गुट्टेदार के घर के पास जली हुई मतदाता रिकॉर्ड की फाइलें मिलीं। इस पर गुट्टेदार ने सफाई दी कि दिवाली की सफाई के दौरान घर के कर्मचारियों ने कचरा सामग्री जला दी थी और इसमें कोई गलत नीयत नहीं थी।

### जांच जारी, राजनीतिक हलचल तेज

आलंद विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि वे एसआईटी की जांच के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे वोट डिलीट हो जाते, तो उनका चुनाव हारना तय था। साल 2023 के चुनाव में पाटिल ने भाजपा प्रत्याशी सुबाष गुट्टेदार को लगभग 10 हजार वोटों से हराया था।

### जरूरत पड़ी तो जांच का दायरा बढ़ेगा, कर्नाटक पर सवाल

इस बीच, मंत्री प्रियांक खरगे से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। एसआईटी का कहना है कि अभी जांच आलंद तक सीमित है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अन्य क्षेत्रों में भी जांच बढ़ाई जा सकती है। यह मामला कर्नाटक में चुनावी ईमानदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम

# लठबंधन वाले सिर्फ लठ चलाना जानते हैं, इन्हें युवाओं की चिंता नहीं

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के मेरे युवा साथियों, आप सभी को भाई-दूज के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज चित्रगुप्त पूजा का पावन दिन भी है। छठी मइया की पूजा की तैयारी भी जोरों पर है। साथ ही बिहार लोकतंत्र का महापर्व भी मना रहा है। ये बिहार की समृद्धि का नया अध्याय लिखने का चुनाव है। इसमें बिहार के नौजवानों की बहुत बड़ी भूमिका है। बिहार में हर एक क्षेत्र में, हर एक दिशा में काम हो रहा है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर



से एनडीए सरकार! पीएम ने कहा कि जो लोग अपने आप को गठबंधन कहते हैं, बिहार की जनता उनको लठबंधन कहती है। वो सिर्फ लठ चलाना और झगड़ा करना जानते हैं। लठबंधन वालों के लिए अपना स्वार्थ ही सबसे बड़ा है। इन्हें बिहार के युवाओं की चिंता नहीं है। दशकों तक देश और बिहार के नौजवान नक्सलवाद और माओवादी आतंक से पीड़ित रहे।

### मुझे 100 करोड़ लोगों ने दी ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे सारी ताकत 140 करोड़ देशवासियों से मिली है और ये सारी ताकत मतदाता के एक वोट की ताकत है। उस वोट ने ये परिस्थिति पैदा की है कि आज राम मंदिर भी बन गया, ऑपरेशन सिंदूर भी हो गया और देश नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### बिहार में फिर से जंगलराज न आने दें

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को बाहर लाने में बहुत मेहनत लग रही है, लेकिन हम लोग कर रहे हैं। हमने 2014 के बाद से बड़ी मेहनत की है। एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से निकालकर विकास की नई रोशनी में लाने का काम किया है। बीते वर्षों में बिहार में विकास के जो कार्य हुए हैं, उनसे एक मजबूत नींव बन गई है। अब हमें इसपर विकास की भव्य इमारत बनानी है। इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी महागठबंधन पर प्रहार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और रविशंकर प्रसाद ने हमला किया।

### मुर्मू ने केरल राजभवन में नारायणन की प्रतिमा का किया अनावरण

# उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी सार्वजनिक सेवा को बनाने को प्रेरित करेगी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को केरल राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी, जिनके लिए वे खड़े थे।

### पूर्व राष्ट्रपति से सीख लेने को कहा



#### उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात

राष्ट्रपति ने कहा कि नारायणन एक प्रख्यात राजनेता, राजनयिक और विद्वान थे। उनकी प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी। जिनके लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहे।"

#### उन्होंने नैतिकता अखंडता की समृद्ध विरासत छोड़ी

उन्होंने कहा कि केआर नारायणन ने नैतिकता, अखंडता, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ी है। समर्पण और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से वे हमारे राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए।

### महंगाई झेल रही जनता पर भारी जुर्माना अनुचित

दोपहिया वाहनों के प्रदूषण चालान की राशि वाहन की क्षमता (सीसी) के अनुसार तय की जाए

# देश में मोटर व्हीकल एक्ट को तर्क संगत बनाया जाएः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मोटर व्हीकल एक्ट में प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) से संबंधित चालानों की राशि को तर्कसंगत बनाने की मांग की है। सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है कि दोपहिया वाहनों के प्रदूषण चालान की राशि वाहन की क्षमता (सीसी) के अनुसार तय की जाए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल के दिनों में हरियाणा के अनेक शहरों सहित देशभर में दोपहिया वाहनों पर 10,000 से 15,000 तक के प्रदूषण चालान काटे जा रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित और आम जनता पर आर्थिक अत्याचार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई सेकंड-हैंड स्कूटी या मोटरसाइकिल की कीमत ही 20,000 के आसपास होती है, ऐसे में 10,000 का चालान गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अत्यंत अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्कूटी और मोटरसाइकिल आम आदमी के आवागमन का प्रमुख साधन है। यह वर्ग पहले ही महंगाई और बढ़ते ईंधन दामों से परेशान है, ऐसे में इतनी भारी जुर्माना राशि उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही है।

### मंत्री गडकरी से की मांग

कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है कि दोपहिया वाहनों के प्रदूषण चालान की राशि वाहन की क्षमता (सीसी) के अनुसार तय की जाए। 100 से 150 सीसी तक की स्कूटी या मोटरसाइकिल के लिए चालान 500 से 1000 तक सीमित किया जाए। वास्तविक प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों जैसे डीजल ट्रक, थ्री-व्हीलर, फैक्ट्रियां और ईंट भट्टे पर अधिक निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य जनहित में होना चाहिए, न कि दंडात्मक नीति बनाकर नागरिकों पर आर्थिक बोझ डालना। सरकार को इस दिशा में तुरंत सुधार करना चाहिए ताकि आम नागरिक को राहत मिल सके।

## एसबीआई को 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक का पुरस्कार




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब 'वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते।

# अमेजन ने मीशो पर ठोका 127 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मीशो को अमेजन वेब सर्विसेज की क्लाउड सर्विस के बकाया का भुगतान न करने के कारण कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए दायर ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में इसका खुलासा हुआ है। इसके अनुसार, फरवरी, 2022 में हस्ताक्षरित एक निजी मूल्य निर्धारण परिशिष्ट से जुड़े बकाया का हवाला देते हुए मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के तहत 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू की गई।

**मध्यस्थता और सुलह के लिए 3 सदस्यीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही शुरू**

### अब मध्यस्थता विवाद में उलझा मामला

मीशो की ओर से प्रतिदावा किए जाने के बाद अमेजन वेब सर्विसेज ने मार्च में अपना जवाब दाखिल किया और मामला मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित है। यह विवाद मीशो की अपने विशाल वैल्यू-कॉमर्स इकोसिस्टम को चलाने के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरी निर्भरता को उजागर करता है। डीआरएचपी यह भी दर्शाता है कि मीशो ने अपने आगामी 4,250 करोड़ रुपये के आईपीओ से 1,390 करोड़ रुपये अपनी टेक्नोलॉजी और क्लाउड सर्विस मजबूत करने के लिए आवंटित करने की योजना बनाई है।







### दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे के खिलाफ किए दावे

अमेजन वेब सर्विसेज ने मीशो से 127.45 करोड़ रुपये के बकाया का दावा किया है, जिसमें खर्च प्रतिबद्धता की कमी भुगतान राशि, लंबित सेवा शुल्क, संबंधित भुगतानों पर ब्याज और मध्यस्थता की लागत शामिल है। वहीं दूसरी तरफ इस मांग पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने विवाद करते हुए अमेजन वेब सर्विसेज की ओर से प्रदान की गई सेवाओं में कमियों का आरोप लगाया है और पीपीए के न्यूनतम प्रतिबद्धता सेगमेंट की वैधता को चुनौती दी है। प्रतिदावे में उसने 86.49 करोड़ रुपये की मांग की है।

## सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रहीं

# रूसी कंपनियों पर प्रतिबंधों से रिलायंस को झटका; पीएसयू के जरिए होगी तेल खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने के आसार हैं जबकि सरकारी रिफाइनरियां फिलहाल मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकती हैं।

उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है क्योंकि वे अपनी आवश्यकता का सभी तेल व्यापारियों से खरीदते हैं जिनमें से अधिकतर यूरोपीय व्यापारी हैं (जो प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं)। रूस के 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से भारत, रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है जिसने पश्चिमी खरीदारों के हटने के बाद मिली भारी छूट का लाभ उठाया है।



### रिलायंस को संतुलित करना पड़ेगा आयात




उन्होंने कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने आयात को फिर से संतुलित करना पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे रूस की 'रोसनेफ्ट' से कच्चा तेल खरीदती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है और रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का लगभग आधा हिस्सा खरीदती है।

### यूक्रेन पर हमले को लेकर कार्रवाई

*अमेरिकी प्रशासन ने इन कंपनियों पर यूक्रेन पर रूस के हमले को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है। दोनों कंपनियां मिलकर प्रतिदिन 31 लाख बैरल तेल का निर्यात करती हैं। केवल रोसनेफ्ट वैश्विक तेल उत्पादन का छह प्रतिशत और रूस के कुल तेल उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा निर्यात करती है।*

### प्रतिबंधित कंपनी से रिलायंस का 25 वर्ष पुराना नाता

रिलायंस ने दिसंबर 2024 में रूस की कंपनी रोसनेफ्ट (जो अब प्रतिबंधित है) के साथ 25 वर्ष तक प्रतिदिन 5,00,000 बैरल रूसी तेल आयात करने के लिए एक सावधिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह बिचौलियों से भी तेल खरीदता है। कंपनी को इस पर प्रतिक्रिया हासिल करने के लिए ईमेल किया गया लेकिन उससे खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं मिला।

### अमेरिका ने दो कंपनियों पर लगाया है प्रतिबंध

अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 'ओपन ज्वाइंट स्टॉक' कंपनी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी और लुकोइल ओएओ पर और प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियां हैं।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने बगैर ऑडिट किए हुए वित्तीय परिणाम जारी किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए बगैर ऑडिट किए हुए वित्तीय परिणाम जारी किए। बैंक के ऋण और अग्रिमों में सालाना 94% वृद्धि आवास ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता ऋण, बिज़नेस बैंकिंग, एमएसएमई ऋण और थोक ऋण में हुई वृद्धि के कारण रही। 30 सितम्बर, 2025 तक माइक्रोफाइनेंस पोर्टफोलियो में सालाना 41.6% की कमी दर्ज की गई। 30 सितम्बर, 2024 को जहाँ एमएफआई पोर्टफोलियो बैंक की कुल वित्तपोषित परिसंपत्तियों का 5.6% था, वहीं यह घटकर 2.7% रह गया। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में बैंक द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड्स की संख्या 40 लाख तक पहुँच गई। प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट का एयूएम सालाना 28% बढ़कर 54,693 करोड़ रुपए पर पहुँच गया।परिणामों पर टिप्पणी करते हुए वी. वैद्यनाथन, प्रबंध निदेशक और सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, /"एमएफआई व्यवसाय में जो दबाव था, वह पूरी तरह से एमएफआई उद्योग की समस्या थी और अब यह धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। एमएफआई को छोड़कर, आईडीएफसी बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता दशकों से स्थिर रही है और 30 सितंबर, 2025 को सकल एनपीए 1.86% और शुद्ध एनपीए 0.52% के साथ यह स्थिर बनी हुई है।

# रेडिट ने परप्लेक्सिटी और तीन अन्य कंपनियों पर दायर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी परप्लेक्सिटी समेत SerApi, ऑक्सीलैब्स और एडब्लयूएमप्रॉक्सी पर मुकदमा किया है। द न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रेडिट का कहना है कि इन कंपनियों ने बिना अनुमति के उसके सर्च रिजल्ट्स से डाटा चुराया और उसका व्यावसायिक इस्तेमाल किया। यह मुकदमा उस कानूनी कार्रवाई के बाद आया है जो रेडिट ने एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक के खिलाफ दायर की थी।




### परप्लेक्सिटी की भूमिका पर सबसे ज्यादा सवाल

रेडिट ने दावा किया कि पेरप्लेक्सिटी ने उसके कंटेंट को बिना अनुमति स्क्रैप किया और अपने उत्तर इंजन में उपयोग किया। जांच में पाया गया कि परप्लेक्सिटी ने एक परीक्षण पोस्ट से जानकारी ली, जो केवल गूगल पर थी और कहीं उपलब्ध नहीं थी। इससे साबित हुआ कि कंपनी ने रोबोट्स टीएक्सटी प्रोटोकॉल की अनदेखी की। परप्लेक्सिटी ने कहा कि उसे मुकदमा नहीं मिला है और वह सार्वजनिक ज्ञान की स्वतंत्र पहुंच का समर्थन करती है।

# शेयर बाजार हरे निशान पर बंद, सेंसेक्स 130 अंक और निफ्टी भी 22 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आज (23 अक्टूबर) बढ़त दर्ज हुई है। सेंसेक्स 130 अंक की बढ़त के साथ आज 84,556.40 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22 अंक चढ़कर 25,891.40 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 15 अंक की गिरावट के साथ 16,799.00 अंक पर बंद हुआ।

*ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स : टॉप गेनर्स में आज वोडाफोन-आइडिया, इंफो एज और भारत फोर्ज ने क्रमशः 5.78 फीसदी, 4.77 फीसदी और 4.56 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। बैंक ऑफ इंडिया और आईईएक्स के शेयरों में भी क्रमशः 4.05 फीसदी और 3.87 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। फोर्टिस हेल्थ, मुथूट फाइनेंस, डिक्सन टेक्नोलॉजी, इटरनल और हिंदपेट्रो क्रमशः 4.60 फीसदी, 3.55 फीसदी, 3.24 फीसदी, 3.05 फीसदी और 2.98 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।*

*सोना-चांदी की कीमत हुई कम*

*सोना-चांदी की कीमतों में आज गिरावट देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 1.24 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 1.52 लाख रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में और बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार का एसएंडपी 500 गिरावट के साथ लाल निशान पर था।*

# जोहो जल्द उपभोक्ता भुगतान ऐप 'जोहो पे' कर सकती है लॉन्च

**नई दिल्ली।** सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो अब उपभोक्ता भुगतान क्षेत्र में कदम रख रही है। कंपनी 'जोहो पे' नाम से नया ऐप लॉन्च करेगी, जो उसके चैट प्लेटफॉर्म 'अरट्टई' में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह ऐप गूगल पे और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म से मुकाबला करेगा। जोहो पे के जरिए यूजर्स पैसे भेजने-प्राप्त करने, सुरक्षित भुगतान करने और बिना रुकावट के तेज लेनदेन करने की सुविधा पा सकेंगे और भविष्य में और नई सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

*फिनटेक क्षेत्र में जोहो का विस्तार*

*जोहो का कहना है कि जोहो पे कंपनी की वित्तीय सेवाओं के विस्तार की बड़ी योजना का हिस्सा है। कंपनी अब केवल भुगतान और पॉइंट-ऑफ-सेल सेवाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती।*




### अरट्टई में जल्द जुड़ेगा पेमेंट फीचर

जोहो का अरट्टई ऐप 2021 में लॉन्च हुआ था और यह एक सुरक्षित घरेलू चैट प्लेटफॉर्म है। इसमें पहले से ग्रुप चैट, वीडियो कॉल और फाइल शेयरिंग जैसी सुविधाएं हैं। अब इसमें जोहो पे को जोड़ा जाएगा, जिससे यूजर्स चैट छोड़ने बिना भुगतान कर सकेंगे। कंपनी फिलहाल इस उत्पाद का आंतरिक परीक्षण कर रही है और आने वाले महीनों में इसे चरणबद्ध तरीके से लॉन्च करने की योजना है, ताकि अनुभव और भी बेहतर हो सके।

## नौ नवंबर से शंघाई-दिल्ली उड़ानें फिर होंगी शुरू



**नई दिल्ली।** चीन की चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवंबर से शंघाई और दिल्ली के बीच सीधे विमान सेवा फिर से शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन यानी बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। इसके लिए एयरबस ए330-200 विमान इस्तेमाल होगा। भारत और चीन के बीच सीधे हवाई संपर्क पांच साल से अधिक समय बाद 26 अक्टूबर से फिर से शुरू होंगे।


# हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

## घोषणा

**विषय : हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में साइंटिस्ट-बी (ग्रुप-बी) और सहायक पर्यावरणीय अभियंता (ग्रुप-बी) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा।**

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में साइंटिस्ट-बी (ग्रुप-बी) पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन सं. 04 ऑफ 2025 और शुद्धिपत्र दिनांक 25.09.2025 तथा सहायक पर्यावरणीय अभियंता (ग्रुप-बी) के पदों के लिए भर्ती हेतु विज्ञापन सं. 20 ऑफ 2025 के तहत आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इन दोनों पदों के लिए 25.11.2025 (मंगलवार) को विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है।

*टिप्पणी : यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।*

हस्ता/- सचिव
दिनांक : 21.10.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/360/2026/39647/88/7 दि. 23.10.25 पंचकूला


# रेलवे स्टेशनों पर छठ पर्व के लिए विशेष प्रबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों, विशेषकर देश के पूर्वी भागों में छठ पर्व मनाने के लिए जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक स्थायी होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया (टेंटेज) स्थापित किए गए हैं। इन होल्डिंग एरिया में यूटीएस टिकट काउंटर, शौचालय, एटीवीएम, खानपान स्टॉल, क्या मैं आपकी मदद कर सकता/सकती हूँ बूथ, पीए सिस्टम आदि की व्यवस्था है। पर्याप्त रेलवे कर्मचारी यात्रियों का मार्गदर्शन और सहायता कर रहे हैं। सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा के आदर्श वाक्य के साथ, दिल्ली मंडल के चिकित्सा विभाग ने त्योहारों की भीड़ के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्राथमिक चिकित्सा बूथ स्थापित किए गए हैं - नई दिल्ली (यात्री सुविधा केंद्र सहित चार बूथ), पुरानी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद - इनमें से प्रत्येक स्टेशन पर चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस और प्रशिक्षित चिकित्सा दल मौजूद हैं।

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-4बी, आईई बहादुरगढ़ में 132 केवी सब स्टेशन से आउटगोइंग 33 केवी फीडर टावर तक 4 अदद आउटगोइंग फीडर्स के लिए केबल्स का प्रावधान। | 17.10.2025 27.10.2025 | रु. 24,95,117/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242451254 se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39672/1/88/7 दि. 23.10.25


## राशिफल


**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।


**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।



**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।



**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।


**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6026



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -6025 का हल



## सूडोकु नवताल- 6036

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6035 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप



### कबड्डी : दो स्वर्ण से भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर

**रिफा (बहरीन)।** भारत ने एशियाई युवा खेलों में यादगार दिन का समापन कबड्डी में दो स्वर्ण पदकों के साथ किया। लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में चैंपियन बनकर भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। भारत के कुल पदकों की संख्या दो स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य हो गई। चीन छह स्वर्ण, 10 रजत और एक कांस्य से तालिका में शीर्ष पर बना रहा। उसके बाद थाईलैंड (6-2-2), उज़्बेकिस्तान (6-1-2) और ईरान (3-4-6) का स्थान रहा। भारत की लड़कियों की कबड्डी टीम ने ईरान को 75-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। लड़कों का फाइनल मुकाबला काफी करीबी रहा। पर भारत ने ईरान को 35-32 से हरा दिया। एथलेटिक्स में भारत ने अपने खाते में दो रजत और एक कांस्य पदक जोड़ा। रंजना यादव ने लड़कियों की 5000 मीटर पैदल चाल में 23 मिनट 25.88 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। अंबुरे शौर्य ने लड़कियों की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.53 सेकेंड का समय लेकर भारत के लिए दूसरा रजत पदक जीता। वह चीन की केई झांग (13.51 सेकंड) से पीछे रहीं।

### पंजाब ने किया बहुतुले को नियुक्त गेंदबाजी कोच

**चंडीगढ।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच



खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।

### तीसरा मैच बारिश में धुलने के कारण इंग्लैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के खिलाफ ईडन पार्क पर तीसरा मैच सिर्फ 3.4 ओवर के बाद बारिश में धुलने से इंग्लैंड ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 1. 0 से जीत ली। इंग्लैंड ने दूसरा मैच इसी स्थान पर 65 रन से जीता था। बारिश के कारण तीन गेंद के बाद ही खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। खेल जब 80 मिनट बाद शुरू हुआ तो 14 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 3.1 ओवर और खेले लेकिन फिर बारिश हो गई जब मेजबान ने एक विकेट पर 38 रन बनाये थे।

### इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण




**नई दिल्ली।** सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे , मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं।

## लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया, चेल्सी और बायर्न भी जीते

**लिवरपूल ने 5-1 से जीत दर्ज कर की प्रतियोगिता में वापसी**

एजेंसी ▶▶| मिलान

लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की।

चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

### ऐसा रहा रोमांचक मुकाबला

रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।



### रीयल ने 57वें मिनट पर दागा गोल

दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया। स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।

**सीरीज में 2-0 से बनाई अजेय बढ़त**

## कोहली फिर जीरो पर आउट, नहीं चला गिल का बल्ला, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे भी जीता

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। एडिलेड में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के बाद 264/9 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम ने मैथ्यू शॉर्ट (74) और कूपर कोनॉली (61*) की पारियों की मदद से 47वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह से जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत से शुभमन गिल (9) और विराट कोहली (0) जल्दी आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा (73) और श्रेयस अय्यर (61) ने पारी को संभाला। वहीं, अक्षर पटेल ने 44 रन का योगदान दिया और मेहमान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में मिचेल मार्श (11) और ट्रेविस हेड (28) के विकेटों के पतन के बाद शॉर्ट ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद कूपर कोनॉली (61*) और मिचेल ओवेन (36) ने जीत दिलाई।



### लगातार दूसरे वनडे में शून्य पर आउट हुए कोहली

कोहली दूसरे वनडे में भी अपना खाता नहीं खोल सके। वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोहली लगातार 2 वनडे मुकाबले में खाता खोले बिना आउट हुए हैं। उन्हें जेवियर बार्टलेट ने आउट किया। कोहली ने 4 गेंदों का सामना किया और एलबीडब्ल्यू आउट हुए। कोहली पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर पाए थे। उन्होंने 8 गेंदों का सामना किया था और खाता खोले बिना मिचेल स्टार्क की गेंद पर आउट हो गए थे।

### श्रेयस का 23वां अर्धशतक

**श्रेयस ने 77 गेंदों का सामना किया** और 61 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 79.22 की रही।उन्हें एडम जैम्पा ने आउट किया। भारत के उपकप्तान ने रोहित के साथ मिलकर 136 गेंदों में 118 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने अक्षर पटेल के साथ 19 गेंदों में 25 रन जोड़े।

### ऐसी रही शॉर्ट की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जब 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब शॉर्ट क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 78 गेंदों में 74 रन की उपयोगी पारी खेलकर हर्षित राणा की गेंद पर पवेलियन लौट गए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

### कूपर ने लगाया अपना पहला अर्धशतक

जब ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब कोनॉली क्रीज पर उतरे थे। 22 वर्षीय इस युवा ऑलराउंडर ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया। उन्होंने एक छोर से निरंतर रन बटोरते हुए 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला अर्धशतक साबित हुआ। उन्होंने ओवन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 59 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे किए

रोहित ने 97 गेंदों में 73 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित दुनिया के 5वें बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह कारनामा वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुमार संगाकारा और महेला जयवर्धने ने किया था।

### ये रिकॉर्ड्स भी किए रोहित ने अपने नाम

रोहित ने एशिया के पहले बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में वनडे क्रिकेट में 150 छक्के पूरे किए हैं। रोहित ने वनडे में 10वीं बार ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 50+ का स्कोर बनाया है। कोहली और सचिन तेंदुलकर ने 11-11 बार ये कारनामा किया है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 मुकाबले खेले हैं और 56.54 की औसत से 2,488 रन बनाने में सफल रहे हैं।

**क्रिकेट**

## द.अफ्रीका के साइमन ने प्रथम श्रेणी में 1,000 विकेट पूरे किए



एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए सीरीज को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। रावलपिंडी में खेले गए मैच के दौरान साइमन हार्मर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 1,000 विकेट भी पूरे किए।

### इस विशेष सूची में शामिल हुए हार्मर

क्रिकइंफो के अनुसार, हार्मर अब चार्ली लेवेलिन (1013), माइक प्रॉक्टर (1417) और एलन डोनाल्ड (1216) के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर बन गए। 36 वर्षीय हार्मर ने अब केवल 234 प्रथम श्रेणी मैचों में 26.34 की औसत से 1,000 विकेट हासिल कर लिए हैं। उन्होंने 58 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। वह 14 टेस्ट में कुल 10 या अधिक विकेट ले चुके हैं।

### हार्मर ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

*रावलपिंडी में हार्मर ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला 5 विकेट हॉल दर्ज किया। 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने 26.00 की औसत के साथ 52 विकेट लिए हैं। इस प्रारूप में उनका इकॉनमी रेट 3.05 है। हार्मर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1,000 विकेट लेने वाले 21वें ऑफ स्पिनर हैं।इससे पहले 1,000 प्रथम श्रेणी विकेट वाले आखिरी ऑफ स्पिनर रॉबर्ट क्रॉफ्ट थे, जिन्होंने 2007 में यह उपलब्धि हासिल की थी।*

**बैडमिंटन**

## लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके



एजेंसी ▶▶| चेंगडू

लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैम्पियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए । अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी। लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी।

### लड़कियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22.20, 21.12 से हराया जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21.9, 21.11 से मात दी।

## नीशू, पुलकित और सृष्टि अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारीं

**नोवी साद (सर्बिया)।** भारत की तीन महिला पहलवान नीशू, पुलकित और सृष्टि बृहस्पतिवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में हार गईं जिससे अब वे कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। नीशू (55 किग्रा) ने जापान की मो कियूका को 6-2 से



हराने के बाद किरा सोलोबचुक पर 10-1 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन तुर्किये की तुबा देमिर ने अंतिम चार में उन्हें 6-4 से हरा दिया। पुलकित (65 किग्रा) ने दोनों जीत तकनीकी श्रेष्ठता से हासिल की। उन्होंने कनाडा की मारिया सावियाक (10-0) और तुर्किये की बेयजा अक्कस (18-8) को हराया लेकिन सेमीफाइनल में एलिजावेटा पेटिलियाकोवा से 6-9 से पराजित हो गईं। सृष्टि ने 68 किग्रा वर्ग में कनाडाई पहलवान एंजेलिना एलिस टोडिंगटन को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) के आधार पर हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की मनोला स्कोबेल्स्का पर 6-3 से आसान जीत दर्ज की। पर एलिना शेवचेंको ने सृष्टि पर 10-6 से जीत हासिल की। वहीं नेहा शर्मा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। वह रोमानिया की जॉर्जियाना लिर्का (6-0) और कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा (5-0) को हराने के बाद जापान की अकारी फुजिनामा से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। नेहा को हालांकि फुजिनामा के सेमीफाइनल में जीतने से रेपेशाज से मौका मिलेगा।

## दूसरी पारी में जल्द ढेर हुई पाक टीम दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में हराया

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराते हुए 2 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। रावलपिंडी टेस्ट में जीत के लिए मिले 68 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम ने 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। पाकिस्तान की दूसरी पारी सिर्फ 138 रन पर समाप्त हो गई थी। पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला ने 146 गेंदों का सामना करते हुए 57 रन बनाए। उनके बल्ले से 4 चौके निकले। ये उनके टेस्ट करियर का छठा अर्धशतक रहा। मसूद ने 176 गेंदों का सामना किया और 87 रन बनाए। उनके



बल्ले से 2 चौके और 3 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक रहा। शकील ने 147 गेंदों का सामना किया और 66 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

### मैच का लेखा-जोखा

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 333 रन बनाए थे। मेजबान टीम से शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतकीय पारियां खेली। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम ने सेनुरन मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर 404 रन बना दिए।

**पहली पारी में केशव ने झटके 7 विकेट**

पाकिस्तान की पहली पारी में केशव महाराज ने बाबर आजम (16) के रूप में तीसरा झटका देते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। उसके बाद उन्होंने मसूद (66), आघा सलमान (45), शकील (66), शाहीन अफरीदी (0), शज्जाद खान (5) और आसिफ अफरीदी (4) को भी अपना शिकार बनाते हुए पवेलियन की राह दिखाई। महाराज ने पारी में 102 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

## डब्ल्यूएफआई ने पहलवान संजीव को निलंबित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पहलवान संजीव को उनके निवास और पहचान संबंधित दस्तावेजों में विसंगतियां पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया। महासंघ ने बृहस्पतिवार को उन्हें इस संबंध में एक नोटिस जारी किया। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे संजीव से ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिनमें दिल्ली और हरियाणा में उनके जन्म स्थान और निवास के स्थान की जानकारी विरोधाभासी है। नोटिस के अनुसार पहलवान का जन्म प्रमाण पत्र दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) रोहिणी क्षेत्र द्वारा अगस्त 2022 में जारी किया गया था जो उनकी दर्ज जन्मतिथि 20 नवंबर 2000 के 22 साल बाद का है। कुछ ही हफ्तों के अंदर राज्य सरकार द्वारा सितंबर 2022 में उन्हें हरियाणा का निवासी प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके बाद दिल्ली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने जून 2023 में संजीव को पासपोर्ट जारी किया जिसमें उनका जन्म स्थान और पता दिल्ली बताया गया था जबकि हरियाणा के नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) के रिकॉर्ड में उन्हें हरियाणा के जींद का निवासी बताया गया था। इन विसंगतियों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएफआई ने कहा कि वह पहलवान के वास्तविक निवास की पुष्टि नहीं कर पा रहा है और उसने एमसीडी, हरियाणा सरकार और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय सहित संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

**आईसीसी महिला वनडे विश्व कप**

## मंधाना-रावल के शतक, न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**नवी मुंबई (भाषा)।** भारतीय टीम स्मृति मंधाना (109 रन) और प्रतिका रावल (122 रन) की शतकीय पारियों के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। पिछले तीन मैच में हार के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को अंतिम चार में पहुंचने के



लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम में जीत की दरकार थी। और इसमें मदद की मंधाना (109 रन) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रावल (122 रन) के शतक तथा दोनों के बीच बनी पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 212 रन की साझेदारी ने। साथ ही जेमिमा रोड्रिग्स की 76 रन की तेज तर्रार नाबाद पारी से भारत ने 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पर बारिश से प्रभावित इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 44 ओवर में 325 रन का लक्ष्य मिला। लेकिन ब्रुक हालिडे (81 रन) और इसाबेल गेज (नाबाद 65 रन) के अर्धशतकों के बावजूद टीम 44 ओवर में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी।

**भारत- 340/3**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रावल का सब बो एमेलिया केर | 122 |
| स्मृति मंधाना का सब बो बेट्स | 109 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 76 |
| कौर का कार्सन बो मेयर | 10 |
| रिचा घोष नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 19
कुल : 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन
विकेट पतन : 1-212, 2-288, 3-336
गेंदबाजी : रोजमैरी मेयर 8-1-52-1, जेस केर 8-1-51-0, सोफी डिवाइन 6-0-34-0, ईडन कार्सन 6-0-46-0, लिया ताहुहू 4-0-37-0, एमेलिया केर 10-0-69-1, सूजी बेट्स 7-0-40-1

**न्यूजीलैंड-271/8**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सूजी बेट्स का प्रतिका बो गौड़ | 01 |
| जॉर्जिया प्लिमर बो रेणुका | 30 |
| एमेलिया केर का मंधाना बो राणा | 45 |
| सोफी डिवाइन बो रेणुका | 06 |
| ब्रुक हालिडे का राणा बो श्री चरणी | 81 |
| मैडी ग्रीन का गौड़ बो प्रतिका | 18 |
| इसाबेला गेज नाबाद | 65 |
| जेस केर का मंधाना बो गौड़ | 18 |
| रोजमैरी मेयर का मंधाना बो दीप्ति | 01 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 44 ओवर में आठ विकेट पर 271 रन
विकेट पतन : 1-1, 2-51, 3-59, 4-115, 5-154, 6-226, 7-266, 8-271
गेंदबाजी : रेणुका सिंह 6-0-25-2, क्रांति गौड़ 9-0-48-2, स्नेह राणा 8-0-60-1, श्री चरणी 9-0-58-1, दीप्ति शर्मा 8-0-57-1, प्रतिका रावल 4-0-19-1

शाही गहने गायब जांच जारी

# 72 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, लूव्र म्यूजियम में जुटे 100 स्पेशल एजेंट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजनधानी पेरिस की लूव्र म्यूजियम में रविवार को हुई डकैती को लेकर अब तक पुलिस को कोई बड़ा सुराग नहीं मिला है। पेरिस के अभियोजक लॉर बेक्कुओ के अनुसार चोरी हुए गहनों की कीमत करीब 895 करोड़ रुपए है।

चोरी हुए सामान में एक शाही नीलम का हार, शाही पन्ने का हार-इयररिंग्स और नेपोलियन तृतीय की पत्नी का एक ताज भी शामिल है। बेक्कुओ ने कहा कि अगर चोर इन गहनों को पिघला कर वापस बेचने की कोशिश करेंगे तो ऐसे में उन्हें बड़ी रकम मिलना मुश्किल है। बेक्कुओ ने ये भी कहा कि अगर वे गहनों को ब्लैक मार्केट में बेचते हैं तो उन्हें मोटा मुनाफा मिल सकता है।

**खास बातें**

- 4 मिनट में 895 करोड़ रुपए का बेशकीमती सामान साफ
- सुरक्षा में चूक सवाल उठे





### किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी चोरी

पेरिस के लूव्र म्यूजियम के इतिहास में इससे पहले कई बार बेशकीमती चीजों की चोरी हो चुकी है। इसमें किंग चार्ल्स की ऐतिहासिक तलवार भी शामिल है। साल 1792 में 10 हजार से अधिक कीमती पत्थरों को चुरा लिया गया था। इसमें 'फ्रेंच ब्लू हीरा' शामिल था। साल 1976 में किंग चार्ल्स - 10वें की हीरे जड़ी तलवार और 1998 में 'द पाथ ऑफ सेवेस' की पेंटिंग भी चुराई गई, जो आजतक नहीं मिली।

### पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे भी नहीं

उधर, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट न्यूनेज, संस्कृति मंत्री राशिदा दाती और न्याय मंत्री जेराल्ड डामनिन ने इस चोरी के सिलसिले में म्यूजियम में बैठक की। बैठक में डार्मनिन ने कहा कि घटना के दौरान म्यूजियम में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। डकैती के समय अलार्म बजने के बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं दिखी। फिलहाल जांच दल 100 स्पेशल एजेंटों के साथ खोजबीन कर रही है।

दुनियाभर में मशहूर है यह म्यूजियम


### सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी शामिल

बता दें, म्यूजियम की सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी शामिल थे। म्यूजियम के गार्ड लंबे समय से काम की खराब स्थिति की शिकायत कर रहे थे। इसी म्यूजियम में दुनियाभर में मशहूर मोनालिसा की पेंटिंग को बुलेटप्रूफ बॉक्स में रखा गया है। वहीं, चोरी हुए सामानों में कुछ गहने ऐसे भी हैं जिन्हें 1887 की नीलामी के बाद दोबारा खरीदा गया था।

## खबर संक्षेप

### अकील की मौत पर सीबीआई जांच?

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील



अख्तर (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। हरियाणा सरकार ने इस संबंध में गृह मंत्रालय को पत्र भेजा है। अकील अख्तर की मौत 16 अक्टूबर की देर रात पंचकूला सेक्टर-4 स्थित उनके घर में हुई थी।

### सुनील ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुरस्कार

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को



उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है।

### दाऊद से जुड़ा दुबई से सलीम शेख अरेस्ट

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 ने दुबई से डिपोर्ट कर दाऊद



नेटवर्क से जुड़े सलीम डोला के करीबी साथी मोहम्मद सलीम सुहेल शेख को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से दुबई में बैठकर भारत में चल रहे ड्रग नेटवर्क को संचालित कर रहा था। जांच में सामने आया कि उसका कनेक्शन सांगली जिले में चल रही मेफेड्रोन फैक्ट्री से था।

### वांगचुक की पत्नी बोली आईबी पीछा कर रही

**नई दिल्ली।** लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम



वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में यह दावा किया है कि उनके पीछे लगातार इंटेलिजेंस ब्यूरो का सर्विलांस लगा हुआ है। इसके चलते उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। मैं जहां भी जाती हूं खुफिया अधिकारी मेरा पीछा करते हैं।

भारतीय सेना की इंफ्रेंट्री शाखा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया

# तैयार हो रही हैं 20 'भैरव बटालियन' आगामी छह माह में सक्रिय हो जाएंगी

एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक शामिल

भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अगले छह महीनों के भीतर 20 भैरव बटालियन तैयार कर रही है। पांच भैरव लाइट कमांडो पहले से ही भारतीय सेना में तैनात हैं। जो देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय हैं। भारतीय सेना की इंफ्रेंट्री शाखा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल



अजय कुमार ने बताया कि इन पांच बटालियनों के अलावा करीब चार और तैयार हैं, जबकि बाकी 16 अगले छह महीने के भीतर तैयार हो सक्रिय हो जाएंगी।

दरअसल, भैरव बटालियन का काम सेना पारंपरिक बल औरविशिष्ट पैरा-स्पेशल बलों के बीच पुल का काम करेंगी। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। जिसे चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तेज गति से ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया है।

- 5 भैरव लाइट कमांडो पहले से ही सेना में तैनात
- शेष 16 बटालियन अगले 6 माह में तैयार



### देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात

एक भैरव बटालियन में 250 सैनिक होते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी हैं। इसमें नमें एक लेह, एक श्रीनगर और एक नगरोटा में है। बाकी दो बटालियन वेस्टर्न और ईस्टर्न बॉर्डर के रेगिस्तानी और पहाड़ी इलाकों में तैनात हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बताया कि एक लेह में 14 कॉर्प्स के साथ है, एक श्रीनगर में 15 कॉर्प्स के साथ और एक नगरौटा में 16 कॉर्प्स के साथ तैनात किया गया है।

### सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री यूनिटें

भैरव बटालियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं, बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक भी शामिल हैं। कुमार ने बताया कि भारतीय सेना के पास फिलहाल 380 इंफ्रेंट्री (पैदल सेना) यूनिटें हैं। जो पूरी तरह ड्रोन संचालन के काम में लगेंगी। इन प्लाटून के पास कई तरह के ड्रोन हैं, जिनसे दुश्मन पर निगरानी, जानकारी जुटाने और हमले जैसे काम किए जा सकते हैं।

### दुश्मन सैनिकों की टोह लेंगे

भैरव कमांडो स्पेशल फोर्सेज के समान होंगे, जिनमें हर भैरव बटालियन को परिचालन क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षित और नियुक्त किया जाएगा। हालांकि इन टुकड़ियों को भारी हथियारों से लैस नहीं किया जाएगा और ना ही उन्हें सबसे जटिल मिशन नहीं सौंपे जाएंगे। उनका मुख्य कार्य दुश्मन सैनिकों की टोह लेना और उनके हमलों को नाकाम करना होगा।

### स्वतंत्र रूप से करेगी काम

*लेफ्टिनेंट जनरल कुमार के मुताबिक भैरव बटालियन को अचानक हमले, आतंकवाद-रोधी और सीमा गश्त जैसे उच्च-प्रभाव वाले अभियानों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भैरव बटालियन को उनकी एकीकृत संरचना ही अलग बनाती है। इस बटालियन में ना सिर्फ सेना की इंफ्रेंट्री से बल्कि आर्मी एयर डिफेंस और आर्टिलरी रेजिमेंटों से भी सैनिकों को शामिल किया जाएगा ताकि कठिन परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से काम करने में सक्षम कुशल टीमें बनाई जा सकें।*

### ड्रोन प्लाटून से सुसज्जित हुई सेना

*कुमार ने बताया कि भारतीय सेना इंफ्रेंट्री आधुनिकीकरण योजना के तहत 2,770 करोड़ रुपए की लागत से 4.25 लाख युद्धक कार्बाइन भी खरीद रही है। 380 पैदल सेना बटालियनों में से हर एक के पास अब एक अश्नि ड्रोन प्लाटून है जिसमें कम से कम चार निगरानी ड्रोन शामिल हैं और छह सशस्त्र श्रेणी के हैं। सशस्त्र ड्रोनों में कामिकेज ड्रोन और सटीक गोला-बारूद गिराने वाले मानवरहित हवाई वाहन भी शामिल होंगे।*

# 60 दवाओं के सैंपल फेल, इनमें छग का एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने सितंबर के लिए जारी अपने दवा संबंधी मासिक अलर्ट में विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित 52 नमूनों को 'मानक गुणवत्ता का नहीं' पाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अलावा राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 60 दवा नमूनों की पहचान की है, जो 'मानक गुणवत्ता के नहीं' थे। नियमित नियामक निगरानी गतिविधि के अनुसार, मानक गुणवत्ता रहित (एनएसक्यू) और नकली दवाओं की सूची मासिक आधार पर सीडीएससीओ पोर्टल पर प्रदर्शित की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा, सितंबर 2025 के लिए, केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने 52 दवा नमूनों और राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 60 दवा नमूनों की पहचान की है जो 'मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं' हैं। एनएसक्यू के रूप में दवा के नमूनों की पहचान एक या अधिक निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों में दवा के नमूने की विफलता के आधार पर की जाती है।

### छत्तीसगढ़ में नकली दवा की पहचान

इसके अलावा, सितंबर में छत्तीसगढ़ राज्य के एक नमूने की पहचान एक नकली दवा के रूप में की गई थी, जिसे एक अनधिकृत निर्माता द्वारा किसी अन्य कंपनी के स्वामित्व वाले ब्रांड नाम का उपयोग करके बनाया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है, और अधिनियम एवं नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एनएसक्यू और नकली दवाओं की पहचान करने की यह कार्रवाई राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित रूप से की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन दवाओं की पहचान की जाए।

# दिसंबर में इजरायल और रूस के प्रमुख नेता भारत आएंगे, ट्रंप की बढ़ेगी बैचेनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिसंबर में इजरायल और रूस के प्रमुख नेता भारत दौरे पर पहुंचेंगे। ऐसे में इन दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का भारत आना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेचैनी बढ़ा सकता है। भारत और इजरायल के बीच हमेशा से ही अच्छे संबंध रहे हैं। इजरायल के पीएम नेतन्याहू भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना करीबी दोस्त मानते हैं। भारत और इजरायल के बीच 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। उसके बाद से दोनों देशों ने इस संबंध को और प्रगाढ़ किया है। भारत इजरायल से मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे बराक 8 और उन्नत ड्रोन समेत हथियारों का प्रमुख खरीदार है। इजरायली मीडिया के मुताबिक नवंबर में इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार भारत दौरे पर पहुंचेंगे। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भारत आएंगे। अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और उसके बाद फरवरी में रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज भी भारत का दौरा करेंगे। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी दिसंबर में भारत का दौरा करने वाले हैं। रूसी राष्ट्रपति ने खुद इस बात की पुष्टि की थी।

6जी की छलांग लगाएगा भारत

# ब्रिटेन के साथ 'इनोवेशन सेंटर' शुरू करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 6जी की छलांग लगाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इस मामले में भारत ने ब्रिटेन के साथ मिलकर नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है।

यूके इन इंडिया ने 'एक्स' पर लिखा कि यूके और भारत ने एक नया कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है, जो 6जी के भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में घोषित, 24 मिलियन पाउंड (करीब



255 करोड़ रुपए) की यह संयुक्त पहल नेटवर्क को तेज, स्मार्ट और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एआई का उपयोग करेगी। यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और विजन 2035 के तहत कार्यान्वित, यह केंद्र डिजिटल पहुंच को अधिक समावेशी और विश्वसनीय बनाने के लिए दोनों देशों के शीर्ष विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा।

इसरो प्रमुख नारायणन का दावा

# गगनयान में 90% काम पूरा 2027 में स्पेस में जाएंगे मानव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल



मॉड्यूल तैयार करना था, और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही 2027 में अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

भारतीय नौसेना की 'कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025' शुरू

# एडमिरल त्रिपाठी बोले- देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए इंडियन नेवी सदैव तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 शुरू हुई। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के समर्पण, व्यावसायिक दक्षता और सतत प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट संचालन क्षमता को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय बताया।

कहा कि भारतीय नौसेना क्षेत्र में राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्पर, अनुकूल और सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए तत्परता, अनुकूलनशीलता और सक्रिय सहभागिता के माध्यम से क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही है।



### एयरचीफ मार्शल सिंह ने भी संबोधित किया

*सम्मेलन के पहले दिन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना के कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका की सराहना की और सामान्य योजना, समन्वित अभियानों तथा संयुक्तता को सशक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त वायु अभियानों, इंटरऑपरेबिलिटी और एकीकृत संचालन को और मजबूत करने की आवश्यकता है।*

ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका

# तेल बेड़े पर लगाया प्रतिबंध, रूसी राजनयिकों की आवाजाही सीमित

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के अध्यक्ष लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं।



### रूस की दो तेल कंपनियां बैनः यूएस

*अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को घोषणा की है कि अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ-साथ दर्जनों सहायक कंपनियों पर प्रतिबंध का यह निर्णय महीनों से चल रहे दलीय दबाव के बाद लिया गया। बता दें, रूस के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के तहत अपना कच्चा तेल बेचना मुश्किल हो गया है। युद्ध के लिए धन जुटाने के लिए रूस का कच्चे तेल की बिक्री करना बेहद जरूरी है।*

21 वर्षीय आरोपी जशनप्रीत सिंह को कैलिफोर्निया की पुलिस ने किया गिरफ्तार

# ड्रग्स के नशे में चूर भारतीय ट्रक ड्राइवर ने अमेरिका में ली तीन लोगों की जान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के कैलिफोर्निया में भीषण सड़क हादसे में हुई तीन लोगों की मौत के मामले की गुरुवार दिनभर देश-दुनिया में काफी चर्चा हुई। जिससे जुड़ा 21 वर्षीय आरोपी एक युवा भारतीय ट्रक ड्राइवर जशनप्रीत सिंह है। नशे की हालत में उसने इस दर्दनाक घटना को अंजाम दिया है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, आरोपी को कैलिफोर्निया की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह गैरकानूनी ढंग से वर्ष 2022 में अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार कर वहां पहुंचा था।

जिसके बाद एल सेंट्रो सेक्टर में सीमा गश्ती एजेंटों से उसे पकड़ा भी था। लेकिन तब उसे तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो.बाइडन की उस नीति का लाभ मिला था। जिसके तहत अवैध अप्रवासियों को उनकी सुनवाई खत्म होने तक रिहा कर दिया जाता था। पुलिस ने जशनप्रीत की जांच में पाया कि वो ड्रग्स के नशे में था।



### यातायात धीमी गति से चल रहा था

वायरल वीडियो से पता चलता है कि किस तरह से नशे की हालत में जशनप्रीत सिंह ने अपने सेमी ट्रक को दक्षिणी कैलिफोर्निया के सैन बर्नार्डिनो काउंटी फ्रीवे पर धीमी गति से चल रहे यातायात खासतौर पर एक एसयूवी से भिड़ा दिया, वाहन में आग लग गई। जिसमें तीन बेकसूर लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय पुलिस ने उसे नशे की हालत में ट्रक चलाने, यातायात जाम में ब्रेक न लगाकर गाड़ी से कुचलकर लोगों की जान लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतकों की पहचान सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं की गई है।

### अवैध प्रवासियों पर सख्त ट्रंप प्रशासन

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने भी इस बात की तस्दीक की है कि जशनप्रीत सिंह के पास अमेरिका में रहने का कोई वैध प्रमाण नहीं है। वह अवैध ढंग से अमेरिका में घुसा था। वहीं, अमेरिका के ही आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने गिरफ्तारी के बाद उस पर आव्रजन हिरासत का मामला दर्ज कर लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही ये साफ कर चुके हैं कि उनके देश में अवैध प्रवासियों के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग मामले में पकड़े जाएंगे उन्हें तत्काल उनके देश में वापस भेज दिया जाएगा। भारत भी इस मामले में अमेरिकी प्रशासन को पूरा सहयोग प्रदान कर रहा है। लेकिन उसका यह भी कहना है कि एक बार संबंधित व्यक्ति को दुनिया के किसी भी देश द्वारा भारतीय घोषित करने के बाद हम उसके दस्तावेजों की सघन जांच-पड़ताल करेंगे। जिसमें उसके भारतीय नागरिक होने के दावे की पुष्टि के बाद ही उसे अपने देश के नागरिक के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109